हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 31 देहरादून, शनिवार, 20 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक की

2

# जी.ई.पी का शुभारम्भ करने वाला उत्तराखण्ड पहला राज्य : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पारिस्थितिकी को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए ''उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक'' (जी.ई.पी) लॉच किया। जी.ई.पी का शुभारम्भ करने वाला उत्तराखण्ड पहला राज्य है। उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का आंकलन 04 मुख्य घटकों जल, वायु, वन और मृदा के आधार पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी.ई.पी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक प्रकोष्ठ बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जी.ई.पी लागू होने से ईकोलॉजी और ईकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इस सूचकांक के परिणामों के विश्लेषण से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में और जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रकृति प्रदत्त अनेक प्रकार की वन संपदा है, आवश्यकता है इनके सदुपयोग की। हमें वृक्षारोपण के साथ जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड दुनिया को पर्यावरण के क्षेत्र में दिशा देने का कार्य करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में अमृत सरोवरों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है। जिलाधिकारियों, वन विभाग, सारा और अन्य कार्यदाई संस्थाओं को इनके संरक्षण और जल स्तर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई से 15 अगस्त तक राज्य में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 01 लाख 64 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हरेला पर्व के दिन 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जनसहभागिता से भी वृक्षारोपण किया जा रहा है।




बैठक में हैस्को संस्था के प्रमुख पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का प्रस्तुतीकरण करते हुए अवगत कराया गया कि विभिन्न विकासपरक योजनाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं व सरकार द्वारा बनाये गये नियमों इत्यादि के अनुपालन का जो परिणाम है वह सकल रूप से हमारी स्थानीय पर्यावरणीय गुणवत्ता पर देखने को मिलता है। पर्यावरणीय कारकों में हवा, पानी, मिट्टी, जंगल और अन्य कारकों में अगर सुधार हो रहा हो तो जीईपी सूचकांक में वृद्धि देखने को मिलती है। इससे ज्ञात होता है कि हमारा सिस्टम पर्यावरण के अनुकूल है और विकासात्मक गतिविधियों के बावजूद भी यह स्थिर और सुधारात्मक है। यदि हमारी पर्यावरणाय गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है और उसमें कोई गिरावट दिखायी दे रही है या उसमें कोई नकारात्मकता दिखायी दती है तो इससे जीईपी सूचकांक में गिरावट देखने को मिलती है।

इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के तेज़ हों प्रयास : धामी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की 20वीं बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष में मृतकों के परिजनों और घायलों को यथाशीघ्र अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके निवारण के लिए सुनियोजित नीति बनाते हुए इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए। इसके साथ ही जंगलों से लगते जो स्थान बायोफैंसिंग से वंचित रह गए हैं, उन स्थानों पर अतिशीघ्र बायोफैंसिंग किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढाई जाए एवं वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्युलाईज गन आदि दी जाए। साथ ही आधुनिक उपकरण जैसे ड्रोन के माध्यम से भी जंगली जानवरों पर नज़र रखी जाए। जिन प्रभागों में मानव वन्यजीव संघर्ष के ज्यादा मामले आ रहे हैं उन स्थानों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर जल्द डीपीआर बनाने के भी निर्देश दिए। साथ ही राजाजी टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत चौरासी कुटिया का अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकास एवं उच्चीकरण अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास योजनाओं को नियमों के दायरे में रहकर जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को सहूलियत मिल सके।मुख्यमंत्री ने राज्य में वन्य जीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नेशनल पार्कों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए वाइल्डलाइफ आधारित डॉक्यूमेंट्री, फिल्म बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर बर्ड वाचिंग कैंप का आयोजन भी किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ से स्वीकृति मिल चुकी है। प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में आधुनिक उपकरणों के क्रय हेतु वन प्रभागों को 10 करोड़ 50 लाख रूपये की धनराशि आर्वटित की गई है।

## तीन पीसीसीएफ सहित 13 आईएफएस के तबादले

देहरादून। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सरकार ने तीन पीसीसीएफ सहित 13 आईएफएस अफसरों के तबादले कर दिए। परियोजना निदेशक जायका के पद पर तैनात विजय कुमार को उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पीसीसीएफ गरिजा शंकर पांडे से सीईओ कैंपा की जिम्मेदारी हटाकर उन्हें वन विकास निगम का नया एमडी बनाया गया है। राजाजी पार्क के निदेशक डा. साकेत बडोला को कार्बेट का नया निदेशक बनाया गया है। वन्यजीव संरक्षण में उनके काम और अनुभव को देखते हुए ये अहम दायित्व दिया गया है। बीपी गुप्ता को पीसीसीएफ वन पंचायत व प्रशासन की जिम्मेदारी दी गई है। पीसीसीएफ रंजन मिश्रा को सीईओ कैंपा और एपीसीसीएफ मनोज चंद्रन को बैंबू बोर्ड को सीईओ बांस बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है। बिनसर अग्निकांड के बाद सीसीएफ कुमाऊं के पद से हटाए गए पीके पात्रो को मुख्य परियोजना निदेशक जायका की अहम जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कार्बेट डायरेक्टर रहे डा. धीरज पांडे को सीसीएफ कुमाऊं की जिम्मेदारी दी गई है। नितीश मणि त्रिपाठी को जैव विविधता बोर्ड का सदस्य सचिव और डीएफओ चकराता रहे मयंक शेखर झा को वन विकास निगम में क्षेत्रीय प्रबंधक बनाया गया है। कल्याणी को डीएफओ रुद्रप्रयाग और उप वन संरक्षक केदारनाथ बनाया गया है। वहीं टोंस पुरोला में अवैध कटान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने वाले कुंदन कुमार को डीएफओ हल्द्वानी और अभिमन्यु को डीएफओ चकराता बनाया गया है।

## विकासनगर में खतरे के निशान पर बह रही यमुना, निचले इलाकों में अलर्ट

विकासनगर। पछुवादून में यमुना खतरे निशान पर बह रही है। हालांकि जल स्तर स्थिर है, लेकिन पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते यमुना तट के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। शुक्रवार देर शाम यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 455.37 मीटर पर पहुंच गया, जो इस साल का अब तक का सबसे अधिक है। एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचने के बाद निकासी अलर्ट जारी कर दिया गया है। बैराज से धीरे-धीरे पानी छोड़ा जा रहा है। यमुना के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को भी अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन तंत्र जलस्तर पर लगातार नजर लगाए हुए हैं, इसके लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम और डाकपत्थर बैराज प्रबंधन से भी लगातार संवाद किया जा रहा है। किसी भी परिस्थिति से निपटने की पूरी तैयारी की गई है। आपात स्थिति के लिए लोगों को सरकारी स्कूल, पंचायत भवनों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। हालांकि अभी जलस्तर खतरे के निशान पर स्थिर है, लेकिन यमुना के ऊपरी कैचमेंट एरिया (जल अधिग्रहण) क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जल स्तर बढ़ने के संभावित खतरे को देखते हुए पूरा तंत्र अलर्ट मोड़ पर है। जलस्तर में और वृद्धि को लेकर लोगों को सावधान करने के लिए घोषणाएं की जा रही हैं। इसके साथ ही खारा पावर हाउस और हथनीकुंड बैराज प्रबंधन को भी सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में एसडीआरएफ के जवान गश्त लगा रहे हैं।

# भारत की सबसे तीखी मिर्च से बनी चिप्स ने जापानियों के छुड़ाए पसीने

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 जुलाई : भारत के लोग आमतौर पर मसालेदार और तीखी चीजें ही खाना पसंद करते हैं, जबकि विदेशों में लोगों को मसालेदार चीजें बिल्कुल भी पसंद नहीं आतीं. अगर गलती से कभी उन्होंने कोई तीखी चीज खा ली तो उनकी हालत खराब हो जाती है. आजकल ऐसा ही एक मामला काफी चर्चा में है. दरअसल, जापान में बीते दिन स्थानीय उत्पादक इसोयामा कॉर्प द्वारा उत्पादित मसालेदार क्रिस्प्स खाने के बाद कम से कम 14 छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दिलचस्प बात ये है कि उन छात्रों ने भारत की सबसे तीखी मिर्च से बनी चिप्स खा ली थी।

ऑडिटी सेंट्रल नामक वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 30 जापानी



छात्रों ने चिप्स खाने के बाद मुंह और पेट में दर्द की शिकायत की थी. इस चिप्स को 'R18 करी चिप्स' के नाम से जाना जाता है. खास बात ये है कि चिप्स के पैकेट पर साफ-साफ ये चेतावनी दी गई होती है कि इसे 18 साल से कम उम्र के लोग न खाएं और साथ ही उच्च रक्तचाप या खराब पाचन वाले लोगों को भी इसका सेवन न करने की सलाह दी गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस आलू चिप्स को बनाने के लिए भारतीय मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे भूत जोलोकिया या भूत झोलकिया के नाम से जाना जाता है।

स्थानीय पुलिस ने जापान टुडे को बताया कि दोपहर करीब 12 बजकर 40 मिनट पर रोकुगो कोका हाई स्कूल में फर्स्ट ईयर की 13 लड़कियों और एक लड़के ने मतली और मुंह और पेट में दर्द महसूस होने की शिकायत की, जिसके बाद आपातकालीन सेवा को कॉल किया गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि ये तीखा चिप्स एक छात्र क्लास में लेकर आया था, जिसे क्लास के 30 छात्र-छात्राओं ने शेयर किया था और फिर बीमार पड़ गए।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चिप्स के निर्माता ने कहा कि 18 साल से कम उम्र के लोगों को इसके अत्यधिक मसालेदार स्वाद के कारण इस प्रोडक्ट का सेवन नहीं करना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोडक्ट का सेवन करते समय मसालेदार भोजन पसंद करने वालों के साथ-साथ जो लोग मसालेदार भोजन पसंद नहीं करते, उन्हें भी सावधानी बरतनी चाहिए।

भूत झोलकिया भारत की सबसे तीखी मिर्च और दुनिया की सबसे तीखी मिर्चों में से एक है. इसकी खेती पूर्वोत्तर भारत में होती है, खासतौर पर मणिपुर, नागालैंड और असम के आसपास के इलाकों में. गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक, साल 2007 से 2011 तक यह दुनिया की सबसे तीखी मिर्च थी।

# खेल मंत्री रेखा आर्या ने की विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। खेल मंत्री ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों की अधिकारियों के साथ आज विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार पहाड़ी जनपदों में भी राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु व्यवस्था करने के क्रम में पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग तथा टिहरी झील में वॉटर स्पोर्ट्स का आयोजन किये जाने हेतु समीक्षा की गई है तथा इन खेलों के सफल आयोजन हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर किये जाने वाले पीएमयू की टेंडर प्रक्रिया तथा अन्य कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जी-20 तथा इन्वेस्टर समिट की तरह ही राष्ट्रीय खेलों का भी सफल आयोजन कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा बरसात को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है कि राज्य में होने वाले राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन न कराते हुए राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें खिलाड़ी अनुभवी प्रशिक्षकों



से प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में 34 विद्याओं के अलावा करांटे, योगा, मलखम, स्पीड क्लाईम्बिंग आदि स्थानीय खेलों के साथ ही अन्य स्थानीय खेलों का परीक्षण करने तथा उन्हें राष्ट्रीय खेलों में सम्मिलित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री ने आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने उदीयमान खिलाड़ियों के चयन तथा उनको दी जाने वाली धनराशि की भी समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु विभाग द्वारा आज महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारी संतोषजनक है। उन्होंने बताया कि भारतीय ऑलम्पिक संघ द्वारा जीटीसीसी का गठन होने के बाद राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तिथि घोषित की जायेगी। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव, खेल विभाग, अमित सिन्हा, अपर सचिव, खेल विभाग, जितेन्द्र कुमार सोनकर तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## धाद ने शुरू किया स्कूलों में हरेला का कोना अभियान

देहरादून। हरेला माह के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान में धाद ने हरेला का कोना अध्याय शुरू किया। जिसमें शासकीय स्कूलों में पौधों को लगाने और उनके संरक्षण के लिए सामाजिक सहयोग को आधार बनाया जाएगा I राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मेंहुवाला माफी में हरेला के दो कोने सहारनपुर के व्यवसायी जुगल किशोर जुगरान के सहयोग से स्थापित किये गए I इसके साथ ही अमोल सक्सेना की ओर से दो किताबों के कोने भी स्थापित किये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल गीतों द्वारा किया गया I कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में हम प्रकृति को भूलते जा रहे हैं ऐसे में हमारे हरेला और फूलदेई जैसे प्रकृति से जुड़े त्यौहार और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं I यहां की प्रकृति और संस्कृति को जीवित रखना हम सबका कर्त्तव्य है I इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को लोक गीत व लोक नृत्य भी सिखाए। धाद स्मृति वन की सचिव नीना रावत ने हरेला पर धाद द्वारा विगत कुछ वर्षों में विकसित स्मृति वन, बाल वन, मित्र वन और पुष्प वन की जानकारी साझा की। कोना कक्षा के संयोजक गणेश उनियाल ने बताया कि संस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे हरेला माह यानी घी-संक्रांति तक रोज विभिन्न स्थानों पर हरेला का संदेश देगी और पौधारोपण करेगी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी पयाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सम्पूर्ण विकास और प्रकृति से जुडाव के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। संचालन आशा डोभाल ने किया। इस अवसर पर सुदीप जुगरान, साकेत रावत, शुभम शर्मा, नीलिमा धूलिया, आशा क्षेत्री, अंजू भट्ट, सुनीता सकलानी, मीनाक्षी जुयाल, सतेश्वरी रावत, सुषमा बडोनी, गजाला परवीन, रमेश चौहान और शांति रावत उपस्थित रहे।

## चंडीगढ़ रोड पर जंगल में रोते मिले बच्चे के माता पिता की तलाश

देहरादून। चंडीगढ़ रोड स्थित काला आम के घने जंगल में 17 जुलाई की रात 11 बजे रोते हुए मिले डेढ़ साल के बच्चे को सुरक्षित देहरादून के केदारपुरम स्थित शिशु निकेतन में रेस्क्यू किया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, राजकीय शिशु सदन व जिला प्रोबेशन अधिकारी उक्त बच्चे के माता पिता का पता लगाने को भरसक प्रयास कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई की रात्रि करीब 11 बजे मंगूराम और संसार दास निवासी नोगली खाखरोला शिमला हिमाचल से पांवटा साहिब होते हुए देहरादून की ओर आ रहे थे, कि चंडीगढ़ रोड पर कालाआम के पास सड़क पर उन्हें एक छोटा बच्चा दिखा। जो बुरी तरह रो रहा था। उसके आसपास कोई नहीं था। उन्होंने दो घंटे तक वहीं मौके पर परिजनों का इंतजार किया, जब कोई नहीं आया तो उन्होंने उक्त अज्ञात बालक को उठा लिया और गूगल सर्च कर दून के बिंदाल पुल स्थित बाल वनिता आश्रम में ले आए।

## धाद ने शुरू किया स्कूलों में हरेला का कोना अभियान

देहरादून। हरेला माह के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान में धाद ने हरेला का कोना अध्याय शुरू किया। जिसमें शासकीय स्कूलों में पौधों को लगाने और उनके संरक्षण के लिए सामाजिक सहयोग को आधार बनाया जाएगा I राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मेंहुवाला माफी में हरेला के दो कोने सहारनपुर के व्यवसायी जुगल किशोर जुगरान के सहयोग से स्थापित किये गए I इसके साथ ही अमोल सक्सेना की ओर से दो किताबों के कोने भी स्थापित किये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल गीतों द्वारा किया गया I कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में हम प्रकृति को भूलते जा रहे हैं ऐसे में हमारे हरेला और फूलदेई जैसे प्रकृति से जुड़े त्यौहार और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं I यहां की प्रकृति और संस्कृति को जीवित रखना हम सबका कर्त्तव्य है I इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को लोक गीत व लोक नृत्य भी सिखाए। धाद स्मृति वन की सचिव नीना रावत ने हरेला पर धाद द्वारा विगत कुछ वर्षों में विकसित स्मृति वन, बाल वन, मित्र वन और पुष्प वन की जानकारी साझा की। कोना कक्षा के संयोजक गणेश उनियाल ने बताया कि संस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे हरेला माह यानी घी-संक्रांति तक रोज विभिन्न स्थानों पर हरेला का संदेश देगी और पौधारोपण करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जलभराव की समस्या को लेकर लोगों ने लोनिवि अफसरों का घेराव किया

विकासनगर। बरसात के दौरान साहिया-समाल्टा मोटर मार्ग का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे घरेलू सामान बर्बाद हो जाता है। लोग ने कई बार लोक निर्माण विभाग से इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। इससे गुस्साए लोगों ने शुक्रवार को लोनिवि कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों का घेराव किया।इन दिनों हो रही बारिश से लोगों के घरों में सड़क का गंदा पानी घुस रहा है। तेज बारिश होने पर घरों के अंदर तीन-तीन फीट से अधिक पानी भर जाता है, जिससे कीमती घरेलू सामान बर्बाद हो रहा है। जलभराव की समस्या से परेशान स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को लोक निर्माण कार्यालय पहुंच कर संबंधित अधिकारियों का घेराव किया। जिसके बाद अधिकारी मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। प्रभावित लोगों ने बताया कि बीते पांच साल से यह समस्या बनी हुई है। समस्या का समाधान होने के बजाय साल दर साल बढ़ती जा रही है। मार्ग किनारे के आवासीय मकानों में बारिश के दौरान पूरे दिन भी जलभराव रहता है, जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस बरसात में ही अभी तक घरेलू सामान बर्बाद होने से हजारों का नुकसान हो गया है। लेकिन लोनिवि समस्या के समाधान को लेकर लापरवाह बना हुआ है। बताया कि गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह हुई बारिश से घरों के अंदर तीन फीट से अधिक पानी भर गया। घेराव करने वालों में उप प्रधान अमन कौर, सुरेंद्र सिंह चौहान, मनोज गुप्ता, विपुल अग्रवाल, रविंद्र पाल सिंह, विरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह आदि शामिल रहे।

### भारी बारिश से जौनसार-बावर के 14 मार्ग बंद

विकासनगर। गुरुवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के चलते चकराता, साहिया और कालसी क्षेत्र के एक राष्ट्रीय राजमार्ग, दो राज्य मार्ग, एक जिला मार्ग समेत कुल 14 मार्ग यातायात के लिए बाधित रहे। मार्गों के बंद हो जाने से बड़ी आबादी को आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ा। जनजातीय क्षेत्र जोनसार बावर में गुरुवार रात हुई भारी वर्षा के कारण क्षेत्र के चौदह मोटर मार्गों पर यातायात ठप हो गया। यातायात ठप होने से क्षेत्र की बड़ी आबादी गांवों में कैद होकर रह गई। कई लोग अपने आवश्यक कार्यों के लिए ब्लॉक व तहसील मुख्यालय नहीं पहुंच पाए। बंद मार्ग पर एंबुलेंस के फंसने से मरीज भी समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाया। ग्रामीण क्षेत्रों से विकासनगर, देहरादून व अन्य मंडियों में जाने वाली फसलें भी समय से मंडी तक नहीं पहुंच पाई। इन मार्गों के बंद होने से स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को सभी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

### दुकानदार के कमरे से 20 हजार की नगदी और स्मार्टफोन चोरी

विकासनगर। सेलाकुई में डीबीएस कॉलेज के पास चोरों ने एक दुकानदार के कमरे से बीस हजार की नगदी और स्मार्टफोन चुरा लिया। घटना के वक्त दुकानदार कमरे में ही था और सोए हुए थे। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सेलाकुई थाना प्रभारी शैंकी कुमार ने बताया कि सूरवीर सिंह कंडारी पुत्र आलम सिंह कंडारी ग्राम बांमसू कंडाई रुद्रप्रयाग ने तहरीर दी है। बताया कि डीबीएस कॉलेज के पास उनकी परचून की दुकान है। दुकान के ऊपर ही वह किराये के कमरे पर रहते हैं। बताया कि बुधवार को तड़के सुबह सवा तीन बजे वह सो रखे थे। इसी दौरान एक चोर कमरे में घुसा और वहां रखे बीस हजार रुपये और स्मार्ट फोन चोरी कर ले गया। चोर दुकान के ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। कैमरे में उसका साथ भी नजर आ रहा है जो सड़क पर खड़ा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बताया कि चोरी में किसी जानने वाले का हाथ हो सकता है।

### कन्या जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण किया जाए

विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण हजारों परिवार यहां पर निवास कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा प्राइवेट जूनियर हाईस्कूल व एक राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र में है, लेकिन इतने स्कूलों से निकलने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एकमात्र इंटर कॉलेज है। जिसके कारण छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाता और उन्हें पढ़ने के लिए बहार जाना पड़ता है। नगरवासियों ने इस समस्या के समाधान के लिए कन्या जूनियर हाई स्कूल का उच्चीकरण की मांग की है। क्षेत्रवासियों की मानें तो इंटर कॉलेज की स्थिति इतनी खराब है कि मानकों के विपरीत जाकर हाई स्कूल और इंटर में तीन-तीन सेक्शन चलाए जा रहे हैं। ताकि क्षेत्र के बच्चों को परेशानी न हो। उसके बाद भी कई छात्र-छात्राओं का प्रवेश कॉलेज में नहीं हो पा रहा है। नगरवासी संजय सहगल, राजकुमार, राम अवध, दिनेश राणा, पंकज शर्मा, सुधीर रावत रीना रावत, मधु देवी, जेसिका अग्रवाल, माया नेगी ने कन्या जूनियर हाई स्कूल के उच्चीकरण की मांग की है। कहा कि कन्या जूनियर हाई स्कूल का उच्चीकरण हो जाता है तो नगर क्षेत्र की जो छात्राएं बाहर पढ़ने जा रही हैं वह अपने ही नगर में पढ़ पाएंगी। विधायक प्रतिनिधि अनिल नौटियाल ने कहा कि एकमात्र इंटर कॉलेज होने के कारण व औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या घनत्व लगातार बढ़ता जा रहा है छात्रों की संख्या हर वर्ष कॉलेज में बढ़ती जा रही है। प्रवेश न मिलने के कारण छात्रों को प्रेम नगर, रामपुर,भाऊवाला जाना पड़ता है। कहा कि शिक्षा मंत्री को क्षेत्रीय विधायक के माध्यम से अवगत कराया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी कुंदन सिंह ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र संख्या बहुत हो जाती है। उच्च अधिकारियों से कन्या जूनियर हाई स्कूल के उच्चीकरण को लेकर पत्राचार जारी है।

# कड़े कानून बनाये पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन करेंगा संत समाज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 20 जुलाई, कनखल, हरिद्वार स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की कपिल वाटिका में दिगंबर अखाड़े के सचिव बाबा हठयोगी के साथ महामंडलेश्वर, बैरागी और सन्यासी एवं महंतों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में चारों धामों के नाम का दुरुपयोग रोकने एवं कार्रवाई के लिए कड़े कानून बनाने को लेकर जारी हुए प्रस्ताव पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों, महामंडलेश्वर और महंतों ने बैठक कर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से चारधामों के साथ अन्य ट्रस्ट या समितियों के नाम का कोई दुरुपयोग नहीं कर सकेगा। संतों एवं महंतों ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन करने का निर्णय लिया। इसे लेकर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल और एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल को ज्ञापन सौंपा।

संत समाज ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया

श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की कपिल वाटिका में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंडलेश्वर और महंतों की





बैठक परिषद के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता महामंडलेश्वर बाबा हठयोगी के नेतृत्व में हुई, बाबा हठयोगी के साथ महामंडलेश्वर एवं महंतों ने कहा कि उत्तराखंड के चारधामों के नाम पर कुछ स्थानों पर कुछ कथित लोग धामों के नाम का प्रयोग कर ट्रस्ट, समिति एवं अन्य संस्थान बनाने का काम कर रहे हैं। जिससे आमजन की धार्मिक भावना आहत हो रही है और असमंजस्य की स्थिति पैदा हो रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड के धामों का नाम प्रयोग करने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कानून प्रस्ताव जारी किया है, जोकि अपने में ऐतिहासिक निर्णय है। इस कानून के बनने से धामों के नामों का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें संत समाज की ओर से उनका अभिनंदन करने करने का निर्णय लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सनातन धर्म के लिए हमेशा समर्पित है और जनता की भावना आहत नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए मुख्यमंत्री जी का निर्णय ऐतिहासिक है।

इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद, महंत देव गिरी, महंत सूर्यमोहन गिरि, महंत विष्णु दास, महंत रामेंद्र पुरी महाराज, महंत महेश गिरि, महंत विनोद पुरी, महंत प्रेमदास, युवा साधु समाज के महामंत्री महंत रविदेव शास्त्री, महंत प्रमोद दास, महंत सीताराम दास, महंत प्रहलाददास, महंत कन्हैया दास, महंत भगवत भारती, महंत गिरिजानंद महाराज, मंहत सुतिक्षण मुनी, महंत कृष्णानंद पूर्व विधायक संजय गुप्ता एवं उप जिलाधिकारी मनीष कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं केवि बागेश्वर को लहराया परचम

बागेश्वर। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित 53वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय बागेश्वर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय विद्यालय बागेश्वर के विद्यार्थी संभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिनांक एक से तीन जुलाई तक प्रतिभाग करने हरिद्वार, रुड़की एवं देहरादून के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में प्रतिभाग करने गए थे। विद्यार्थियों ने इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 19 स्वर्ण पदक, दो रजत पदक तथा छह कांस्य पदक हासिल किए। इसके अलावा कल 19 छात्र केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु चयनित भी हुए। इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर तिवारी जी ने कहा की केंद्रीय विद्यालय बागेश्वर सिर्फ पढ़ाई के क्षेत्र में ही नहीं अपितु खेल के क्षेत्र में भी नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे इस अवसर पर खेल शिक्षक विकास कोटनाला ने छात्रों का प्रोत्साहनवर्धन किया।

## उत्तराखंड की आस्था के खिलवाड़ कर रही भाजपा

बागेश्वर। भाजपा ने किया लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। केदारनाथ मंदिर दिल्ली में स्थापित कर देवभूमि का अपमान करने में तुली है, लेकिन कांग्रेस उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। इसके विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। यह बात यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। परिहार ने कहा कि सुरेंद्र रोतेला को ही मंदिर का सर्वेसर्वा बना रखा है। सराकर एक तरफ चार धाम यात्रा को बढ़ावा देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर यहां के धामों को महानगरों में शिफ्ट करने की साजिश रच रही है। दुनिया के लोग उत्तराखंड सिर्फ इसलिए आते हैं क्योंकि इसे देवभूमि के नाम से जाता जाता है। अब सरकार इस पहचान को भी खत्म करने में तुली है। इस मौके पर कवि जोशी, सुनील पांडे, संजय चनियाल आदि मौजूद रहे।

## दीपक दूसरी बार बने इंका गागरीगोल के प्रबंधक

बागेश्वर। इंटर कालेज गागरीगोल में नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी के लिए समाजसेवी दीपक पाठक को दोबारा प्रबंधक बनाया गया, जबकि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया अध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर प्रबंध कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

विद्यालय में चुनाव पर्यवेक्षक राजकीय इंटर कॉलेज मंडलसेरा के प्रधानाचार्य डॉ. केएन कांडपाल व चुनाव अधिकारी राउमावि गलई के प्रधानाध्यापक एसएस बिष्ट की देखरेख में संपन्न हुए। इस मौके पर प्रबंध कार्यकारिणी के लिए पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी जीपी कुनियाल को उपाध्यक्ष, एडवोकेट कैलाश चंद्र जोशी को उप प्रबंधक तथा नरेंद्र सिंह रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया। मोहन चंद्र पंत, शंकर सिंह रावत, कैप्टन गोपाल सिंह राणा, कैप्टन पूरन सिंह मेहता, नारायण गिरी गोस्वामी, कैलाश खुल्बे, पूरन चंद्र जोशी, गोविंद राम, ग्राम प्रधान पुड़ा कविता गोस्वामी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य किशन सिंह थायत, शिक्षक वीरेंद्र कुमार ,रमेश चंद्र भट्ट को पदेन सदस्य चुना गया। इस दौरान एडवोकेट हरीश चंद्र जोशी, खीम सिंह राणा, अनिल पंत आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी के बाद अब हरिद्वार पुलिस ने भी किया आदेश जारी

हरिद्वार। उत्तर प्रदेश की तरह अब उत्तराखंड में भी कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित रेस्टोरेंट और होटलों के मालिकों को अपने नाम के साथ बोर्ड लगाना होगा। हरिद्वार पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सभी होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट मालिकों से इस आदेश का पालन करने को कहा है। हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया, ैकांवड़ की तैयारियों के संबंध में जो होटल, ढाबे, रेस्तरां और कांवड़ मार्ग पर जो रेड़ी-पटरी वाले हैं उन्हें हमारे द्वारा सामान्य निर्देश दिया गया है कि वे अपनी दुकानों पर मालिक का नाम लिखेंगे और ऐसा न करने पर उनके खिलाफ हम कानूनी कार्रवाई करेंगे। कई बार इसके कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, इसलिए हमारे द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

### खनन सामग्री से भरे डंपर को माइनिंग द्वारा चेक नही करने पर ग्रामीणों का हंगामा

हरिद्वार। जियोपोता गांव में लोगों ने शुक्रवार को बजरी से भरे डंपर को रोककर हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप लगाया कि खनन कंपनी और पुलिस की मिलीभगत से एक माह से डंपरों को बिना रवन्ने और बिल के चेकपोस्ट से पार कराया जा रहा है। पुलिस डंपर को अपने साथ पुलिस चौकी ले आई और उसे ओवरलोड और अवैध खनन की धाराओं में सीज कर दिया।

जियोपाता गांव में खनन चेक पोस्ट पर खनन सामग्री से भरे डंपर को बिना रवन्ने और बिल के पास करने पर लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। ग्रामीणों ने डंपर को रोक लिया। आरोप लगाया कि पुलिस और खनन कंपनी की मिलीभगत से डंपरों को बिना रवन्ने और बिल के पास किया जा रहा है। आरोप लगाया कि ग्रामीणों के ट्रैक्टर ट्राली और डंपरों को चेक पोस्ट पर चेक किया जाता है और बिल से अधिक दो कुन्तल बजरी का भी जुर्माना काटा जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कानून सब के लिए बराबर है। इसीलिए सभी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### ब्लड बैंक परिसर में उफनता सीवर बना परेशानी

हरिद्वार। जिला ब्लड बैंक परिसर में एक सप्ताह से उफनते सीवर की समस्या के लिए ब्लड बैंक प्रभारी ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखा है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रविंद्र चौहान ने बताया कि पूर्व में इस प्रकार की समस्या होने पर समाधान कराया गया था। लेकिन करीब एक सप्ताह से फिर से सीवर उफन रहा है और गंदा पानी परिसर में फैल चुका है। जिससे ब्लड बैंक में आने वाले रक्तदाताओं और विभागीय कर्मचारियों को दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक जैसे संवेदनशील स्थान पर इस प्रकार पसरी गंदगी अन्य समस्याओं को जन्म दे सकती है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ज्वालापुर के मोहल्ला कड़च्छ निवासी सुधा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सात जुलाई को उसके बेटे रितिक को राघव पुत्र बबलू और आशीष पुत्र नीटू, निवासी मोहल्ला कड़च्छ अपने साथ ले गए थे। देर रात एक बजे उससे डोली पत्नी नीटू ने संपर्क साधकर जानकारी दी कि आशीष, राधव और रितिक का एक्सीडेंट हो गया है। उनके बेटे को काफी चोटें आई है। बताया कि उसके पुत्र को रानीपुर मोड़ क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया। बताया कि 16 जुलाई को उसके बेटे की उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि रोड़ीबेलवाला में स्कूटर दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कही, लेकिन स्कूटर क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। बताया कि उसके बेटे के दोस्त सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पहचान करनी होगी उजागर, तभी कांवड़ मार्ग पर कर सकेंगे व्यापार


हरिद्वार। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर कारोबार कर रहे हर छोटे बड़े व्यापारी को अपना नाम, क्यूआर कोड से लेकर मोबाइल फोन नंबर डिस्प्ले करने के आदेश दिए हैं। कहा कि इसकी तस्दीक पुलिस करेगी। अगर किसी व्यापारी ने इसका पालन नहीं किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यूपी की योगी सरकार ने कांवड़ मार्ग पर व्यापार करने वाले हर छोटे बड़े व्यापारी की पहचान को लेकर इस दफा कड़े कदम उठाए हैं।

# उत्तरकाशी : क्रिकेट खेलकर घर लौट रहे युवक को गुलदार ने बनाया शिकार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 20 जुलाई : 17 वर्षीय किशोर अनुराग चौहान देर सायं क्रिकेट खेलकर लौट रहा था, घात लगाकर बैठे गुलदार ने झपटा मारकर जंगलों में ले गया। साथ वालों के शोर मचाने पर भी गुलदार ने उसे नहीं छोड़ा और अंत में उसकी जान चली गई।बीते दिन अनुराग चौहान क्रिकेट देवप्रयाग डिग्री कॉलेज से क्रिकेट खेलकर करीब 7 बजे वापस लौट रहा था। तभी अचानक एक गुलदार घात लगाए बैठा था और उसने अनुराग के ऊपर झपटा मारा और उसे ले गया साथ में उसके दोस्तों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया लेकिन वो उसे जंगलों की और भाग निकला। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम को दी गई, जिसके बाद पुलिस और वन विभाग के लोग स्थानीय नागरिकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कई घंटों तक तक खोजबीन हुई लेकिन





अनुराग का कोई पता नहीं चला। फिर करीब साढ़े दस बजे वन विभाग तथा पुलिस की टीम को अनुराग का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ।इस दुखद घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और खौफ का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इलाके में पिंजरा लगाने की मांग भी उठाई है साथ ही उस गुलदार को आदमखोर घोषित कर उसे मारेंगे की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। लोगों ने वन विभाग और सरकार से अपील की है कि वे क्षेत्र में सक्रिय गुलदारों को पकड़ने के लिए कार्रवाई करें।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ : सुरेश भट्ट

■ देहरादून में एन0एच0एम0 की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 20 जुलाई , राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखण्ड के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने जनपद देहरादून में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री भट्ट ने जनपद में अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद देहरादून के समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षकों व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।




बैठक में उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने कहा कि समुदाय स्तर पर आयुष्मान कार्ड तथा उसके अंतर्गत मिलने वाले पैकेज व सूचीबद्ध चिकित्सालयों की सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। आशा कार्यकत्रियां समुदाय स्तर पर मुख्य स्वास्थ्य कार्यकत्री हैं, उनके कार्य से संबंधित इंसेंटिव समय पर निर्गत करें।उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध दवाओं को बढ़ावा देना चाहिए जो कि जनहित में है। स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी जनज न तक जानी चाहिए, जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति इसका लाभ ले सके। स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों और धरातल पर स्वास्थ्य सेवाओं में समानता होनी चाहिए। लाभार्थियों की संतुष्टि ही सबसे बेहतर आंकड़े हैं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन द्वारा सुरेश भट्ट का स्वागत किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन0एच0एम0 डॉ0 निधि रावत ने कार्यक्रमवार सभी योजनओं की प्रगति से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। जिला वरिष्ठ क्षय रोग अधिकारी डॉ0 मनोज वर्मा ने निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड में टी0बी0 रोग के इलाज को सम्मिलित करने हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर उपाध्यक्ष द्वारा उक्त सुझाव पर सहमति व्यक्त की गयी।

समीक्षा बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्मिक डॉ0 वंदना सेमवाल, डॉ0 सी0एस0रावत, डॉ0 दिनेश चौहान, डॉ0 के0एस0 भण्डारी, डॉ0 विक्रम तोमर, डॉ0 प्रदीप उनियाल, डॉ0 यतेन्द्र सिंह, डॉ0 घिल्डियाल, डॉ0 पी0एस0 रावत, डॉ0 मोहन डोगरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लक्ष्मण सिंह रावत, सिटी अर्बन हेल्थ ऑफिसर राकेश बिष्ट, जिला लेखा प्रबंधक विवेक गुसाईं, जिला सलाहकार एनटीसीपी अर्चना उनियाल सहित समस्त एन0एच0एम0 कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

# उद्योगिनी संस्था द्वारा कुलसारी में एकदिवसीय औषधिय एवं सुगंधित पादप कार्यशाला का आयोजन किया गया






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली 20 जुलाई : उद्योगिनी संस्था उत्तराखंड कुलसारी में NVIDA कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय ₹विकासखंड स्तरीय औषधिय एवं सुगंधित पादप कार्यशाला₹ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिला किसानों को औषधिय और सुगंधित पौधों से बनने वाले प्रोडक्ट जैसे साबुन, चायपत्ती आदि चीजें बनाने की पूरी विधि के बारे में जानकारी दी गई।

उद्योगिनी संस्था के महावीर सिंह रावत ने बताया कि हम रोजमेरी, तुलसी, लेमनग्रास तथा अन्य औषधिय तथा सुगंधित पौधों से कुलसारी में साबुन तथा चायपत्ती की अनेक वैरायटी बनाते है, जिसमें महिला किसानों को रोजगार भी दिया गया है, जिस से उनकी आजीविका संवर्धन का कार्य भी हो रहा है। इस अवसर पर उद्योगिनी संस्था से गुलशन भट्ट, रेनू तोमर, केतन,श्रेयांश यदुवंशी,दीपक पाण्डे,अरुण सिंह, लक्ष्मण रावत,मोहन जोशी B.D.O. थराली,मंजू देवी, मुन्नी देवी, शांति देवी,नीमा देवी, शकुंतला देवी,पूनम देवी, अनीता देवी, राखी देवी, जसोदा देवी, शांति देवी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली 20 जुलाई : राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में नव प्रवेशित छात्र -छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक सुविधाएं, नई शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम पर चर्चा, छात्रवृत्ति तथा परीक्षा योजना, पुस्तकालय, कैरियर काउंसलिंग सहित अनेक महत्वपूर्ण आयामों पर सहसंवादपूर्ण रचनात्मक सत्र का आयोजन किया गया। एन ई पी पर डॉ. नीतू पाण्डे, रोवस एवं रेंजर्स डॉ. पुष्पा रानी, एन एस एस व खेल विभाग पर रजनीश कुमार, ए बी सी पर मनोज कुमार द्वारा तथा छात्रवृत्ति व कैरियर काउंसलिंग पर डॉ० शंकर राम द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य अतिथि पी टी ए अध्यक्ष महिपाल सिंह रावत तथा प्राचार्य डॉ० योगेन्द्र चन्द्र सिंह द्वारा स्वागत एवं दीप प्रज्जवल द्वारा ओरिएंटेशन सेशन का शुभारंभ किया गया, मंच संचालन चीफ प्रॉक्टर व वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ० प्रतिभा आर्य द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. ललित जोशी, अनुज कुमार, मोहित उप्रेती, डॉ. सुनील कुमार, डॉ० निशा ढौंडियाल, डॉ० कुलदीप जोशी, डॉ. जमशेद अंसारी, डॉ संतोष पंत, डॉ सुनीता भंडारी सहित नव प्रवेशित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा : बदहाल सड़कें पार्किंग में भी नहीं इंतजाम

ऋषिकेश । श्रावण मास की कांवड़ यात्रा दो दिन बाद शुरू हो रही है, लेकिन अभीतक ऋषिकेश में शिवभक्तों के लिए इंतजाम नहीं जुट पाएं हैं। सड़कों की जर्जर हालत को सुधारा नहीं गया है। चिन्हित पार्किंग की साफ-सफाई तो दूर, पेयजल व अस्थायी शौचालयों तक भी व्यवस्था नहीं हो पाई है, जिससे कांवड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

22 जुलाई से कांवड़ यात्रा का आगाज होना है। यात्रा से पहले ही शिवभक्त नीलकंठ धाम के लिए ऋषिकेश होते हुए कूंच करने लगे हैं। दो दिन बाद कांवड़ियों को हुजूम उमड़ना है। बावजूद, प्रशासन और संबंधित विभागीय अधिकारियों कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। श्यामपुर में नेशनल हाईवे जगह-जगह जर्जर है, तो हरिद्वार बाइपास मार्ग पर भी गड्ढे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। आईडीपीएल और खांडगांव में कांवड़ियों के वाहनों के लिए पार्किंग चिन्हित जरूर कर ली गई है, लेकिन इसमें पानी, शौचायल और पथ-प्रकाश की व्यवस्था जुटती नहीं दिखी है। बाईपास पर पथ-प्रकाश के लिए लगी स्ट्रीट लाइटें भी ठीक से नहीं जल रही हैं, जिससे रात के वक्त वन क्षेत्र से होकर गुजरने वाले मार्ग पर भी आवागमन में खतरे की संभावना है।

> विभागीय अधिकारियों को शीघ्र सभी व्यवस्थाओं का चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। अस्थायी पार्किंग में भी आवश्यक इंतजाम जुटाने के लिए कहा गया है। यात्रा से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएंगी।
>
> **-सोनिका, डीएम, देहरादून**

**आईडीपीएल पार्किंग का नहीं हुआ ठेका, अब खुली बोली**

आईडीपीएल में हर साल की तरह इस दफा भी नगर निगम अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था कांवड़ियों के लिए कर रहा है। पार्किंग का ठेका देने के लिए टेंडर के माध्यम से निगम ने निजी एजेंसियों को आमंत्रित किया था, मगर किसी ने भी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसके चलते अब खुली बोली के माध्यम से पार्किंग का ठेका करने की तैयारी है। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि खुली बोली के माध्यम से आईडीपीएल पार्किंग को बोलीदाता का दिया जाएगा।

# 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ किराए का होगा नवीनीकरण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश । पंजाब सिंध क्षेत्र ट्रस्ट और प्रांतीय उद्योग व्यापार संघर्ष समिति के बीच कई माह से चल रहा गतिरोध शुक्रवार को आपसी वार्ता के साथ खत्म हो गया। दोनों ही संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बैठक कर कई मुद्दों पर आपसी सहमति बनाई। इस दौरान पंद्रह फीसदी वृद्धि के साथ दुकानों के किराये का नवीनीकरण करने का निर्णय लिया गया।

शुक्रवार को दून रोड स्थित एक होटल में पंजाब सिंध क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों तथा प्रांतीय उद्योग व्यापार संघर्ष समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में ट्रस्ट और व्यापारियों के बीच चल रहे गतिरोध को लेकर वार्ता हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कई बिंदुओं पर सहमति बनी। प्रांतीय उद्योग व्यापार संघर्ष समिति के नगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा ने बताया कि निर्णय लिया गया है कि वारिसान के ट्रांसफर पर किसी प्रकार की कोई फीस नहीं रहेगी। यदि कोई स्वेच्छा से संस्था को कुछ देना चाहेगा तो दे सकता है। जिन किरायेदारों का किराया अभी तक रुका हुआ है, वह किरायेदार 31 मार्च 2023 तक का किराया पुराने किराये के हिसाब से ही जमा कर सकते हैं। यह सुविधा 15 अगस्त 2024 तक ही रहेगी। एक अप्रैल 2023 से नई दरों से किराया देना होगा। जिसका निर्णय होना अभी शेष है। पुराने किराये को जमा करने की सुविधा शनिवार से ही प्राप्त कर सकते हैं। किराये का नवीनीकरण 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ प्रत्येक 3 वर्ष पर होगा और यह नवीनीकरण 9 वर्ष तक ही मान्य होगा। उसके पश्चात किराया वृद्धि पर आपसी सहमति से पुनर्विचार किया जाएगा। दुकानों की रिपेयर आदि जैसे रंगाई पुताई, टाइल्स, फर्नीचर, बिजली का काम, शटर रिपेयर आदि के लिए पूर्व में ट्रस्ट ऑफिस में 15 दिन पूर्व सूचित करना होगा। इस पर कोई शुल्क या किसी प्रकार का चार्ज देने की आवश्यकता नहीं होगी। स्ट्रक्चर जैसे कि शटर परिवर्तन, फर्श खोदना या दीवार से छेड़छाड़ करना आदि की परमिशन लेना आवश्यक होगा।

जीएसटी तथा अन्य सभी प्रकार के टैक्स किराएदार को नियमानुसार स्वयं देने होंगे। पगड़ी व ट्रांसफर के संबंध में ट्रस्ट अपनी शीघ्र ही होने वाली पूर्ण बैठक में निर्णय कर संघर्ष समिति को सूचित करेगा। नवीन किराए के बारे में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। मौके पर ट्रस्ट से ट्रस्टी प्रवीण खन्ना, सम्पति प्रबंधक अशोक सचदेवा, अशोक खुराना, राजीव मोहन अग्रवाल, प्रांतीय उद्योग व्यापार संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, जिला महामंत्री दीपक तायल, राजकुमार अग्रवाल, नगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के फैसले पर जताई खुशी

ऋषिकेश। देश के अन्य राज्यों में चारों धामों के नामों के दुरुपयोग पर सख्त कानून बनाने के फैसले पर साधु संतों और संस्कृत जगत से जुड़े ऋषिकुमारों ने खुशी जताई है। फैसले का स्वागत करते हुए साधु-संतों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को आभार पत्र भेजा है। शुक्रवार को साधु संतों और संस्कृत जगत से जुड़े युवाओं ने ऋषिकेश तहसील पहुंचकर एसडीएम के माध्यम से सीएम को धन्यवाद पत्र भेजा। दर्शन महाविद्यालय के प्रबंधक संजय शास्त्री ने कहा कि सरकार ने चारों धामों के नाम से देश के अन्य किसी भी स्थान पर मंदिर निर्माण नहीं हो सकेगा, ऐसा फैसला लिया है, जो स्वागत योग्य है। यह निर्णय उत्तराखंड की जनमानस की आस्था का सम्मान है। शंकराचार्य आश्रम के प्रबन्धक केशव स्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि अब कोई संस्था या ट्रस्ट चार धामों के नाम से अन्य स्थान पर मन्दिर या धाम निर्माण नहीं करा पाएगी। सरकार का यह फैसला प्रदेश वासियों की आस्था का संरक्षण और संवर्धन करने वाला है। लाखों लोग गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ धाम दर्शन करने यहां आते हैं। सम्पूर्ण भारतवासियों का आस्था का केंद्र यह चारों धाम हैं। मौके पर प्रबन्धकीय संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जनार्दन कैरवान, तुलसी मानस मन्दिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य, दयाराम दास महराज, आचार्य सुशील नौटियाल, पुरुषोत्तम कोठारी, दिनेश सती, एलपी पुरोहित, करुणाशरण महाराज, सुभाष डोभाल, जितेन्द्र भट्ट, शान्ति प्रसाद मैठाणी, राम प्रसाद सेमवाल, सूरज विजल्वान, सुरेश पंत, शैलेंद्र मिश्रा, शुभम भट्ट, आयुष जुयाल, मानस डबराल, अंश सती, नितिन उनियाल, सागर नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

# पीआरडी जवानों को वेतन देने की मांग

देहरादून। प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन ने आईडीपीएल ऋषिकेश में सुरक्षा ड्यूटी में लगे पीआरडी जवानों को वेतन देने की मांग की है। संगठन के प्रदेश संयोजक प्रमोद मंद्रवाल ने कहा कि आईडीएल में करीब 45 जवान सुरक्षा ड्यूटी में तैनात हैं, उन्हें पांच माह से वेतन नहीं मिला है। ऐसे में जवानों पर रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने बताया कि इस बाबत कई बार संबंधित विभाग से वार्ता की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मंद्रवाल ने इस संबंध में वन मंत्री सुबोध उनियाल को ज्ञापन भेजा है। कहा कि यदि शीघ्र जवानों का वेतन जारी नहीं किया गया तो आंदोलन होगा।

# गोर्खाली सुधार सभा ने मेधावियों को बांटी छात्रवृत्ति

देहरादून। गोर्खाली सुधार सभा की विजयपुर हाथीबड़कला नया गांव शाखा के वार्षिक अधिवेशन में मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति बांटी गई। वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया गया। अधिवेशन बहुद्देशीय भवन नया गांव में हुआ। शाखा अध्यक्ष मीन बहादुर खत्री ने केन्द्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा को छात्रवृत्ति सहयोग राशि पचास हजार रुपये का चेक प्रदान किया। मौके पर सुष्मिता थापा, अनुज पौडियाल, प्रियांशु राना, सौरभी जोशी, स्मिता थापा, विकास थापा, युविका प्रधान, स्नेहा क्षेत्री, शार्दुल प्रधान को छात्रवृत्ति व छात्र सम्मान दिया गया। वीर नारी सीमा आले, वरिष्ठ नागरिक मन बहादुर अधिकारी को सम्मानित किया गया। मौके पर गोपाल क्षेत्री, मधुसूदन शर्मा, प्रभा शाह, उदय ठाकुर, आरएस क्षेत्री, दिनेश प्रधान, माधव प्रसाद मरासिनी, दुलाब गुरुंग, संजय प्रधान, महेश प्रधान, सुनील कोटिया, किरण उपाध्याय, सपना प्रधान मौजूद रहे।

# शिवालिक और मंदाकिनी सदन जीते

देहरादून। द हेरिटेज स्कूल में शुक्रवार को इंटर हाउस जूनियर एवं सीनियर गर्ल्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2024-2025 के फाइनल मैच खेले गए। सीनियर वर्ग में शिवालिक हाउस और जूनियर वर्ग में मंदाकिनी हाउस ने जीत दर्ज की। न्यू रोड स्थित द हैरिटेज स्कूल के तत्वावधान में इंटर हाउस जूनियर एवं सीनियर गर्ल्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2024-2025 का जूनियर एवं सीनियर वर्ग का फाइनल मैच खेला गया। जूनियर वर्ग में मंदाकिनी हाउस एवं शिवालिक हाउस मैदान में उतरे। इसमें मंदाकिनी हाउस ने शिवालिक हाउस को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सीनियर वर्ग में शिवालिक हाउस एवं मंदाकिनी हाउस के खिलाड़ियों के बीच खेले गये फाइनल मैच शिवालिक हाउस ने 3-2 से जीत दर्ज की।

# मिट्टी के कटाव से खतरे में दून-ऋषिकेश मार्ग

ऋषिकेश। देहरादून-ऋषिकेश रोड पर चंद्रभागा नदी खतरा बन गई है। सड़क किनारे नदी से लगातार मिट्टी का कटाव हो रहा है, जिससे बरसात में सड़क के ढहने की आशंका बनी हुई है। बावजूद, इसके लोनिवि कटाव रोकने के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठा पाया है। बारिश अधिक होने पर लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लोनिवि की यह सड़क ऋषिकेश को रानीपोखरी-भानियावाला होते हुए देहरादून से जोड़ती है। पर्वतीय इलाकों से पहुंचने वाले लोग भी देहरादून आवाजाही के लिए इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

जंगलात बैरियर के पास पहले ही चंद्रभागा नदी का कटाव सड़क तक पहुंच चुका है, जिसकी रोकथाम के लिए लोनिवि ने आवश्यक उपाय किए हैं, लेकिन इससे आगे काली माता मंदिर के पास भी मिट्टी का कटाव शुरू हो गया है। बरसात में यह कटाव अत्याधिक होने की आशंका है, जिससे मार्ग के ढहने का खतरा भी बन हुआ है। शिकायत के बावजूद इसके लोनिवि के अफसर सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाते नहीं दिख रहे हैं, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी जोखिम बरकरार है।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया छात्रसंघ समारोह

ऋषिकेश। राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में छात्रसंघ समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में गढ़वाली और कुमाऊनी संस्कृति की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में छात्रसंघ समारोह के दूसरे दिन का शुभारंभ कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता के संघर्षों पर खरा उतरने का प्रयास करें, क्योंकि माता पिता ने आपके अंदर अपना भविष्य देखा है। आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर अग्रसर है, अगर युवा पीढ़ी को अपने सपनों को साकार करना है तो नशे से दूर रहें। उन्होंने महाविद्यालय निर्माण को लेकर हुए संघर्ष की बात बताते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य के पहले मुख्यमंत्री डॉ. नित्यानंद स्वामी ने डोईवाला में 14 जनवरी 2001 को महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। भाजपा सरकार के प्रयासों से महाविद्यालय प्रगति की ओर है। महाविद्यालय की अगर किसी कार्य के लिए कोई फाइल मेरे विभाग में आती है, तो उसको तुरंत स्वीकृत कर दिया जाएगा। इस दौरान छात्र छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊंनी सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मौके पर अभाविप के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ममता सिंह, कांग्रेस नेता गौरव चौधरी, प्राचार्य प्रो. डीसी नैनवाल, उम्मेद सिंह नेगी, भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, चंद्र मोहन पोखरियाल, डॉ. राखी पंचोला, डॉ. रेखा नौटियाल, डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. पार्वती, संस्कार भारती नगर अध्यक्ष ईश्वर चंद अग्रवाल, भाजपा मीडिया प्रभारी भारत गुप्ता, अवतार सिंह सैनी, छात्रसंघ अध्यक्ष मोहित डंगवाल, रश्मि कुर्ल, गौरव रौतेला, विवेक शर्मा, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

ऋषिकेश। तीर्थनगरी और आसपास के क्षेत्रों में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का क्रम जारी है।शुक्रवार को एम्स ऋषिकेश की सोशल आउटरिच सेल द्वारा स्थानीय जनमानस एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर हरेला पर्व मनाया गया, जिसके तहत पर्यावरण संवर्धन के संदेश के साथ विभिन्न प्रजातियों के औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। सोशल आउटरिच सेल के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि पौधरोपण से ही हम धरती का श्रृंगार कर सकते हैं और अपने आसपास के वातावरण को हरियाली से आच्छादित कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को डेंगू से बचाव और इसकी रोकथाम के प्रति जागरूक भी किया। उधर, श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई और नगर निगम ऋषिकेश के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। जिसके विवि परिसर के अलावा नीम करोली बाबा हनुमान मंदिर से चंद्रभागा पुल लक्ष्मण झूला रोड पर चंद्रभागा नदी तक डिवाईडर व अन्य जगहों पर 300 पौधों का रोपण किया गया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अशोक कुमार मैन्दोला ने पौधरोपण की महत्ता के बारे में बताया। मौके पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. गौरव वासने, डॉ. शिखा वासने, नगर परियोजना अधिकारी नगर निगम वरुण मल्होत्रा, आकाश सिंह, संजना, प्रिंस, यस, राहुल, जतिन, सागर, दीपिका, पायल, रवि बिष्ट, अनुज शर्मा, सुधांशु, अक्षत, अंशिका, सुषमा, स्मृति राणा, मयंक भट्ट, सुरजीत, शुभम तिवारी आदि रहे।

### एनएच प्रशासन के खिलाफ क्षेत्रवासियों का प्रदर्शन

ऋषिकेश। लक्ष्मणझूला मार्ग पर उभरे गड्ढों को लेकर शुक्रवार को ऋषिकेश संघर्ष समिति एनएच प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतर पड़ी। समिति के सदस्यों ने सड़क पर बने गड्ढों को भरवाने की मांग को लेकर चंद्रभागा पुल के समीप सांकेतिक धरना देकर एनएच प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। समिति ने गड्ढों को जल्द से जल्द भरवाने की मांग एनएच प्रशासन से की है। देवभूमि ऋषिकेश संघर्ष समिति के सदस्यों ने इस मामले में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। समिति अध्यक्ष राधे साहनी ने कहा कि लक्ष्मणझूला मार्ग पर आंध्रा आश्रम के समक्ष लंबे समय से सड़क क्षतिग्रस्त है। यहां गड्ढे बने हुए हैं, जिसमें आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। समिति संयोजक अरविंद हटवाल ने कहा कि सड़क के बीच में सीवर लाइन से निकलने वाले गंदे पानी को नाले में जोड़ा गया है, जो सीधे गंगा में जा रहा है। यहां बीच सड़क में सीवर का चैंबर होने की वजह से गड्ढा बन रहा है। कहा कि इस जगह पर सड़क पर गड्ढे बनने की समस्या पिछले पांच सालों से हो रही है। बावजूद इसके एनएच प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। कहा कि अगर जल्द ही यहां गड्ढों को भरा नहीं गया तो समिति आंदोलन करेगी। मौके पर सुरेंद्र सिंह नेगी, अमित चौहान, नरेंद्र शर्मा, विश्वनाथ राय, अश्विनी गुप्ता, रवि कपूर, अग्निराज, मुकेश, संदीप, संजय आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के निर्माण के मुद्दे पर शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ फूट पड़ा। आक्रोशित भाजपाइयों ने भानियावाला तिराहे पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला फूंक कर अपने गुस्से का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी पर केदारनाथ मंदिर को लेकर दुष्प्रचार करने और प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने का भी आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान डोईवाला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने के लिए केदारनाथ मंदिर को लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस प्रकरण पर स्थिति पहले ही स्पष्ट की जा चुकी है। फिर भी कांग्रेस पार्टी द्वारा इस प्रकरण को लेकर निरंतर भ्रामक दुष्प्रचार द्वारा राज्य में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है। रानीपोखरी मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2015 में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा महाराष्ट्र में बद्रीनाथ मंदिर का उद्घाटन किया गया था। उस समय तो कोई विरोध क्यों नहीं हुआ। इससे कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र का पता चलता है। कांग्रेस पार्टी के करनी और कथनी में अंतर है। प्रदर्शन करने वालों में जिला मंत्री दिनेश सजवान, कामेश रावत, महामंत्री सुभाष रावत, युवा मोर्चा जिला महामंत्री हिमांशु भट्ट, मंडल मंत्री अंकित काला, चंद वल्लभ लखेड़ा, ईश्वर रौथान, रोशन भट्ट, देवेंद्र गोसाईं, मनमोहन नौटियाल, बुध सिंह चौहान, योगी पंवार, पंकज रावत, हिमांशु राणा, संदीप नेगी, जीवन चौहान, मनोज शर्मा आदि शामिल रहे।

### ड्रोन से होगा कीटनाशक दवा का छिड़काव

ऋषिकेश। शहर में डेंगू की रोकथाम के लिए ड्रोन से भी कीटनाशक का छिड़काव होगा। नगर निगम प्रशासन ने छिड़काव के लिए संबंधित एजेंसी से वार्ता में लगा है, जिसके बाद जल्द ही खुले स्थानों पर संजय झील और घाटों के आसपास ड्रोन से पानी में दवा छिड़की जाएगी। नगर निगम प्रशासन डेंगू और मलेरिया के प्रकोप से शहर के लोगों को बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का जगह-जगह छिड़काव करा रहा है। गली-मौहल्लों में फॉगिंग भी जारी है। खुल स्थानों पर जमा अत्याधिक पानी में दवा का छिड़काव निगम के लिए चुनौती बना है, जिससे निपटने के लिए ड्रोन का सहारा लेने की तैयारी कर ली गई है। ड्रोन से हर स्थान पर आसानी से छिड़काव संभव हो पाएगा। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी के मुताबिक निगम की विभिन्न टीमें मशीनों के माध्यम से शहर के हर क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने में जुटी है।

# कैबिनेट का निर्णय से पुरोहित एवं संत समाज संतुष्ट : भाजपा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 जुलाई , भाजपा ने धामों और पावन स्थलों के नाम पर अन्यत्र ट्रस्ट, संस्था आदि पर रोक के कैबिनेट निर्णय को पुजारी, पुरोहितों एवं अन्य वर्गों की चिंता दूर करने वाला बताया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने धामी के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि देवभूमि के देवतुल्य स्वरूप को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री धामी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा । साथ ही तेलंगाना में ऐसे ही मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेसी आरोपों पर पलटवार कर कहा कि वहां उनकी सरकार हैं, उन्हें साहस कर यहाँ राजनीति के बजाय अपने मुख्यमंत्री से शिकायत करनी चाहिए।

पार्टी मुख्यालय में कैबिनेट के निर्णयों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कहा कि मुख्यमंत्री देश भर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं को लेकर ऐतिहासिक एवं साहसिक कदमों के लिए जाने जाते हैं । उनकी कैबिनेट का यह निर्णय कि कोई भी चार धामों या यहां के प्रमुख धाम माने जाने वाले धार्मिक स्थलों के नाम से कोई भी ट्रस्ट या संस्था नहीं बना सकेगा, भी इसका एक उदाहरण है । इस शानदार एवं दूरदर्शी कानून के बनने के उपरांत प्रदेश के पंडा, पुरोहित, संत समाज में फैली भ्रांति एवं आशंका पर पूरी तरह समाप्त हो गई है ।

भट्ट ने निशाना साधते हुए कहा कि धामी सरकार के इस निर्णय के बाद, इस मुद्दे पर कांग्रेस की राजनैतिक यात्रा भी औचित्यहीन हो गई है। वे केदारनाथ में उपचुनाव और सफल चार यात्रा को प्रभावित करने के उद्देश से यह यात्रा निकाल रहे थे । ऐसे में सरकार के कदम ने यात्रा को लेकर उनके मकसद पर ही ब्रैक लगा दिए हैं। अब उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वे किस लिए यात्रा निकाल रहे हैं। धाम के नामों के इस्तेमाल पर लगाई गई इस रोक के खिलाफ यात्रा निकाल रहे हैं या चार धाम यात्रा, कांवड़ यात्रा को प्रभावित करने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं । मुख्यमंत्री धामी के पावन धामों की महत्ता बरकरार रखने की दृष्टि से किये इस प्रयास ने विपक्षी झूठ के गुब्बारे की हवा निकाल दी है ।

इस दौरान तेलंगाना में धाम के नाम से बनने वाले मंदिर को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मंदिर तेलंगाना में बन रहा है, जहां कांग्रेस की सरकार है । लिहाजा भाजपा से शिकायत करने या यहां राजनैतिक यात्रा के बजाय, उन्हें अपने मुख्यमंत्री से तत्काल बात करने का साहस करना चाहिए । यदि ऐसा करें तो उन्हें अपनी पार्टी के आलाकमान और संगठन में देवभूमि को लेकर एहमियत का अंदाजा हो जाएगा। क्योंकि संसद एवं दूसरे राज्यों में सनातन विरोधी बयान एवं काम और उत्तराखंड में सनातन प्रेम का ढोंग, दोनों एक साथ नहीं चल सकते हैं । प्रदेशवासी कांग्रेस का दोगलापन देख रही है और उन्हें लोकतान्त्रिक ढंग से सबक सिखाती रहेगी ।

# उत्तराखंड : पोस्ट ऑफिस में 10वीं पास युवाओं के लिए 1238 पदों पर बंपर भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 जुलाई : भारतीय डाक विभाग में ग्रुप-डी के 44,228 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है। दसवीं पास अभ्यर्थी इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 15 जुलाई से इसके लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं और अंतिम तिथि 5 अगस्त है।

पोस्ट ऑफिस में नौकरी करने वालों के लिए खुशखबरी है भारतीय डाक विभाग ने विभिन्न सर्किलों में ग्रामीण डाक सेवक की बंपर भर्ती निकली है। अगर आप केवल दसवीं पास हैं और सरकारी नौकरी की इच्छा रखते हैं तो आपके लिए यह बड़ा अच्छा मौका है। किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास उम्मीदवार इसमें आवेदन कर सकते हैं और इसमें 10वीं में प्राप्त मार्क्स के आधार पर चयन होगा। किसी भी प्रकार की कोई परीक्षा नहीं होगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**ग्रामीण डाक सेवक भर्ती की अन्य आवश्यक जानकारी :-**

1. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए आपकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 32 वर्ष होनी चाहिए।
2. भर्ती में आवेदन हेतु योग्यता सिर्फ हाईस्कूल पास होनी चाहिए।
3. जीडीएस भर्ती के लिए महिला और पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं।
4. उम्मीदवार को कंप्यूटर के ज्ञान के साथ साइकिल चलाना भी आना चाहिए।
5. इस भर्ती में चयन 10वीं प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर होगा जो राज्यवार या सर्कल पर तैयार की जाएगी।
6. इस भर्ती के लिए जनरल, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 100 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि एससी, एसटी, ओबीसी और महिलाओं के लिए निशुल्क है।
7. ग्रामीण डाक सेवक पद पर वेतन 10,000 रुपये से लेकर 29,380 रुपये प्रति माह तक होगा।
8. मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद आपको देश के किसी भी राज्य में जॉइनिंग दी जा सकती है, उत्तराखंड के लिए इसमें 1238 पद हैं।

## हिंदू सेवा समिति ने किया अज्ञात नेपाली युवक का अंतिम संस्कार

अल्मोड़ा। हिंदू सेवा समिति के सदस्यों द्वारा एक अज्ञात नेपाली युवक का अंतिम संस्कार किया गया। नेपाल युवक का 3 दिन पहले बेस चिकित्सालय में देहांत हो गया था, इसके पश्चात उसका शव मोर्चरी में कर रख दिया था। पुलिस द्वारा तीन दिनों तक उसके परिजनों की काफी खोजबीन की गई लेकिन उसके परिजनों से कोई भी संपर्क नहीं हो पाया। इस पर पुलिस प्रशासन द्वारा आज उसका पोस्टमार्टम करा कर हिंदू सेवा समिति के सदस्यों से संपर्क किया गया और और अज्ञात शव का अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के साथ विश्वनाथ घाट धाम में किया गया। विदित हो हिंदू सेवा समिति इस प्रकार के कार्यों में आगे जाकर अपना सहयोग हमेशा प्रदान करती है। यहाँ हिंदू सेवा समिति के यशवंत सिंह पवार, नीरज बोरा, सुशील साह, अमित साह मोनू, भैरव गोस्वामी, अर्जुन बिष्ट, मनोज वर्मा आदि तथा पुलिस प्रशासन के किशोर कुमार, हरीश भट्ट मौजूद रहे।

## वेतन के लिए विद्युत संविदा कर्मी तीसरे दिन भी डटे रहे

बागेश्वर। वेतन मिलने के बाद भी विद्युत संविदा कर्मी हड़ताल पर डटे रहे। उन्होंने वेतन बढ़ाकर दिए जाने की मांग को लेकर चौथे दिन भी कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मियों ने शीघ्र ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने और उन्हें नियमित वेतन दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर ठेकेदार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। विद्युत संविदा कर्मियों ने संघ के अध्यक्ष नारायण सिंह परिहार की अध्यक्षता में पावर हाउस डंगोली में प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मियों ने कहा कि ठेकेदार ने उन्हें वेतन तो दिया, लेकिन बढ़ाकर नहीं दिया, जबकि पूर्व में वेतन बढ़ाने की बात हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता है। उन्हें पूर्ण वेतन भी नहीं मिलता है। काम के सापेक्ष उनका वेतन बहुत ही कम है। इसके अलावा उन्होंने बीमा, पीएफ, एएसआई, परिचय पत्र, सुरक्षा उपकरण भी दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्मियों से मानकों से अधिक कार्य भी कराया जा रहा है। उन्होंने तत्काल ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर विद्युत कर्मियों के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। संचालन प्रकाश खुल्बे ने किया। इस दौरान इंद्र सिंह नेगी, तारा दत्त शर्मा, चतुर सिंह, प्रेमबल्लभ,शंकर राम, मंगल सिंह, खीम सिंह, बलवंत सिंह, धन सिंह, भुवन राम, भुवन जुयाल, अनिल पंत, प्रकाश आर्या आदि मौजूद रहे।

## आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार जारी

अल्मोड़ा। पद स्वीकृत नहीं होने और मानदेय नहीं मिलने पर मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार शुक्रवार को भी जारी है। कर्मचारियों ने कॉलेज प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। मांगों के पूरा नहीं होने तक डटे रहने की चेतावनी दी। वहीं, कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से अस्पताल की व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। ऑपरेशन ठप हो गए हैं। ओपीडी भी बड़ी मुश्किल से हो रही है। धरने के चलते मरीज और तीमारदार परेशान हैं। यहां धरने में सुशील कुमार, ब्रिजेश, विनोद कनवाल, सुनीता देवी, भावना, प्राची, नीरज, दया, रंजना, अंकित टम्टा, राज कुमार, पंकज, सपना, मनोज, प्रताप, अमित, सूरज, विवेक, गौरव, पूरन, गोपाल सिंह, खीम सिंह, दयाल रहे।

## 24 को क्षेत्र पंचायत हवालबाग की बैठक

अल्मोड़ा। खण्ड विकास अधिकारी हवालबाग आर एस कनवाल ने बताया कि क्षेत्र पंचायत हवालबाग की बैठक पूर्व में विगत 22 जून को प्रमुख क्षेत्र पंचायत की अध्यक्षता में विकास खण्ड हवालबाग के सभागार में निर्धारित की गयी थी जो अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक आगामी 24 जुलाई को आहूत की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया है कि वे यथासमय बैठक में उपस्थित हों।

## संक्षिप्त खबरें

### हरेला पर बांटे 101 पौधे

देहरादून। हरेला पर्व के चौथे दिन खेल संस्थान में भाजपा प्रदेश मंत्री कमली भट्ट ने बच्चों व अध्यापकों को 101 पौधे वितरित किए। जिसमें अनार, आम, आंवला, इलायची, नींबू, कटहल, नीम के पौधे शामिल थे। उन्होंने कहा कि जो अभिभावक व बच्चे इन पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल करेंगे उन्हें वह सम्मानित करेंगी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक वह अपने साथियों के साथ 501 पौधों का रोपण करेंगी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मंजू मौर्य, भागवत शर्मा, अनिरुद्ध भट्ट, दिनेश गुप्ता, मनोहर चौहान उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ रोड पर जंगल में रोते मिले बच्चे के माता पिता की तलाश

देहरादून। चंडीगढ़ रोड स्थित काला आम के घने जंगल में 17 जुलाई की रात 11 बजे रोते हुए मिले डेढ़ साल के बच्चे को सुरक्षित देहरादून के केदारपुरम स्थित शिशु निकेतन में रेस्क्यू किया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, राजकीय शिशु सदन व जिला प्रोबेशन अधिकारी उक्त बच्चे के माता पिता का पता लगाने को भरसक प्रयास कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई की रात्रि करीब 11 बजे मंगूराम और संसार दास निवासी नोगली खाखरोला शिमला हिमाचल से पांवटा साहिब होते हुए देहरादून की ओर आ रहे थे, कि चंडीगढ़ रोड पर कालाआम के पास सड़क पर उन्हें एक छोटा बच्चा दिखा। जो बुरी तरह रो रहा था। उसके आसपास कोई नहीं था। उन्होंने दो घंटे तक वहीं मौके पर परिजनों का इंतजार किया, जब कोई नहीं आया तो उन्होंने उक्त अज्ञात बालक को उठा लिया और गूगल सर्च कर दून के बिंदाल पुल स्थित बाल वनिता आश्रम में ले आए। इसी दौरान बाल वनिता आश्रम संचालकों ने चाइल्ड लाइन को भी इसकी सूचना दे दी। चाइल्ड लाइन द्वारा उक्त बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से समिति के आदेश पर उसका मेडिकल करवाकर राजकीय शिशु सदन/बाल गृह केदारपुरम देहरादून में प्रवेश दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट ने बताया कि बच्चा स्वस्थ है और लगातार उसके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि घटना के तीसरे दिन भी बच्चे के माता पिता का पता नहीं चला है। चंडीगढ़ रोड की उक्त लोकेशन के आसपास के थाना क्षेत्र में भी सूचना भिजवाई गई है व बच्चे का फोटो जारी किया गया है। उन्होंने अपील की है कि जो भी उक्त बच्चे को पहचानता हो वह तुरंत उनसे, राजकीय शिशु सदन/बाल गृह केदारपुरम देहरादून की अधीक्षिका सुनीता सिंह से संपर्क कर सकता है।

### दादी और पोते को दिया नया जीवन

देहरादून। दून अस्पताल की बर्न यूनिट में उत्तरकाशी के दादी पोते को नया जीवन और मुस्कान मिली है। उत्तरकाशी के नौगांव की 63 साल की महिला घर में खाना बनाते हुए झुलस गई थी। साथ में आठ साल का पोता भी झुलस गया था। दादी और पोते को दो जुलाई को डेढ़ बजे दून अस्पताल की इमरजेंसी से बर्न यूनिट में भर्ती किया गया था। दादी मुस्सी 30 फीसदी और पोता कार्तिक 50 फीसदी झुलसे थे। बर्न यूनिट की टीम के साथ प्लास्टिक सर्जन डॉ. शिवम डंग, डॉ. आरपी खंडूरी, सर्जरी से डॉ. निशांत सैम्यूल बिंजामिन, इमरजेंसी से डॉ. एनएस बिष्ट ने इनका इलाज किया। 16 दिन के इलाज में दादी और पोते ठीक हो गए हैं। प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष स्याना, एमएस डॉक्टर अनुराग अग्रवाल और डीएमएस डॉक्टर धनंजय डोभाल ने दादी और पोते का इलाज करने वाली टीम को बधाई दी। 11 बेड की बर्न यूनिट में अब तक तीन माह में 144 मरीज भर्ती हुए। छह माह में 148 बड़ी सर्जरी, और 72 छोटी सर्जरी की हैं।

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, 02 घायल

अल्मोड़ा( आरएनएस )। शेराघाट के पास गुरुवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस और स्थानीय लोग पहुंच गए। कार में सवार पिथौरागढ़ के दो लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार अल्मोड़ा से बनकोट पिथौरागढ़ की ओर जा रही थी। शेराघाट के पास चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते कार खाई में गिर गई। सूचना पर आसपास के लोगों के साथ पुलिस ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। कार सवार धीरज सिंह बनकोटी पुत्र रतन सिंह बनकोटी और अजय बनकोटी पुत्र किशन बनकोटी निवासी बनकोट जिला पिथौरागढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। शेराघाट में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेस अस्पताल अल्मोड़ा रेफर किया गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि हादसे की वजह का पता नहीं चल पाया है।

### अल्मोड़ा दुग्ध संघ ने की आँचल शुद्ध पहाड़ी घी की दरों में कटौती

अल्मोड़ा( आरएनएस )। दुग्ध संघ के अध्यक्ष गिरीश खोलिया ने बताया कि दुग्ध संघ के पास पर्याप्त मात्रा में ताजा घी उपलब्ध होने के कारण तथा बाजार में मिलावटी घी की बिक्री अधिक बढ़ने के कारण दुग्ध संघ अल्मोडा ने अपने दुग्ध उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 20 जुलाई से शुद्ध पहाड़ी घी की दरों में कटौती कर दी है। अब 500 मिली घी 350 रुए के स्थान पर 325 रुपये में मिलेगा पहले व 1000 मिली घी अब तक 695 के स्थान पर 645 रूपये में उपभोक्ताओं को मिलेगा। खोलिया ने बताया कि आँचल घी शुद्धता के साथ साथ गुणवत्तापूर्ण है, उन्होंने लोगों से अपील की है कि अन्य ब्रांड के मिलावटी घी से उपभोक्ता सावधान रहें, मिलावटी घी के सेवन से लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी हो सकती है। दुग्ध सघ के अध्यक्ष गिरीश खोलिया ने बताया कि अब संघ के मिल्क एटीएम वाहनों में भी आँचल घी छूट पर उपलब्ध होगा।


# उत्तराखंड में भारतीय व्यापार मंडल करेगा संगठन विस्तार

देहरादून। भारतीय व्यापार मंडल उत्तराखंड में जल्द संगठन का विस्तार करेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने शुक्रवार को कैंट रोड स्थित संगठन दफ्तर में सदस्यों की बैठक ली। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी राय रखी। साथ ही अध्यक्ष अग्रवाल के शपथ ग्रहण समारोह पर भी चर्चा हुई। अग्रवाल ने कहा कि वो उत्तराखंड में व्यापारी हितों के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बड़े व्यापारी से लेकर छोटे व्यापारियों को संगठित करना उनकी प्राथमिकता होगी। व्यापारियों की समस्याओं का संगठन स्तर पर निराकरण किया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री ने कहा कि अग्रवाल के भारतीय व्यापार मंडल का प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश महामंत्री संजीव शर्मा ने बताया कि संगठन को जल्दी एक टोल फ्री नंबर मिल जाएगा। व्यापारी टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सदस्यता ग्रहण कर सकता है। मौके पर प्रदेश मंत्री अनिल कुमार, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष एसपी नौटियाल, अध्यक्ष पौड़ी गढ़वाल शिरोमणि पैंट्री, उपाध्यक्ष देहरादून करण चौधरी, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष देहरादून प्रेमलता, अंजू सिंघल आदि मौजूद थे।

## केदारनाथ मामले में युवा कांग्रेस आज से आंदोलन करेगी

देहरादून। दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण को लेकर उठे विवाद पर उत्तराखंड युवा कांग्रेस ने राज्यभर में आज आंदोलन का ऐलान किया है। शुक्रवार को देहरादून स्थित कांग्रेस मुख्यालय युवा कांग्रेस नेताओं ने पत्रकार वार्ता में इसका ऐलान किया। कहा कि भाजपा से जुड़े लोग केदारनाथ को लेकर लगातार विवाद खड़ा कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा से जुड़े लोग शंकराचार्य को लेकर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनवीर चौहान और बदरी केदार समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई। सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि यह पहली बार नहीं हो रहा है, जब केदारनाथ को लेकर इस तरह के विवाद पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने क्यूआर कोड प्रकरण, सोने के पीतल बनने, केदारनाथ धाम मास्टर प्लान के साथ तीर्थ पुरोहितों के हक-हकूक को लेकर भाजपा और सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस आज से प्रदेशभर में आंदोलन करने जा रही है। हर जिले में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बुद्धि-शुद्धि यज्ञ करेंगे। इसके अलावा चरणवार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

# संपादकीय



## निशाने पर प्रधानमंत्री

संदर्भ मई, 2014 का है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में 10-12 दिन शेष थे। जाहिर है कि न तो जनादेश सार्वजनिक हुआ था और न ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। अलबत्ता मीडिया से संवाद और साक्षात्कार के दौरान उन्होंने यह जरूर कहा था कि यदि हमारी सरकार बनी, तो 1993 के मुंबई सांप्रदायिक दंगों के आरोपियों को भारत लाएंगे। भाजपा के तत्कालीन प्रधानमंत्री उम्मीदवार मोदी ने अंडरवल्र्ड डॉन दाऊद इब्राहीम का भी जिक्र किया था कि उसे भी भारत लाएंगे और कानूनी कार्रवाई करेंगे। ऐसे बयान सुनकर एक अन्य डॉन ने मीडिया के जरिए मोदी को मारने की धमकी दी थी। यह भी कहा था कि दाऊद को तब भारत ला पाएंगे, जब जिंदा बचेंगे। मीडिया के जिन चेहरों के जरिए वह धमकी दी गई थी, उन्होंने भारत सरकार में संबद्ध अधिकारियों को खुलासा कर दिया था। उसके बाद मोदी बीते 10 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और दाऊद को अभी तक भारत नहीं लाया जा सका है। हमारा विश्लेषण अंडरवल्र्ड डॉन को लेकर नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा हमारा चिंतित सरोकार है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा का मुद्दा तो सार्वकालिक है, लेकिन अब यह अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर किए गए हमले के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह ने एक अंग्रेजी अखबार में लेख लिखकर प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा पर चिंता जताई है। उसके लिए मौजूदा नफरती राजनीति को ही बुनियादी कारण माना है कि प्रधानमंत्री लगातार निशाने पर रहते हैं। वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी की सलाह है कि प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर हिंसा, हत्या, मौत सरीखे शब्दों का इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि ये किसी भी नागरिक को उकसा, भडक़ा सकते हैं। राजनीति में यह हिंसक प्रवृत्ति बीते एक दशक के दौरान ज्यादा बढ़ी है। सहिष्णुता और सद्भाव नगण्य-से होते जा रहे हैं। विपक्ष भाजपा-एनडीए की नीतियों का विरोध करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को निजी तौर पर निशाना बना रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम चुनाव के दौरान जून में, वाराणसी में, प्रधानमंत्री के काफिले पर किसी ने चप्पल फेंकने का दुस्साहस किया। वह बम या ग्रेनेड भी हो सकता था। इस संदर्भ में राहुल गांधी की टिप्पणी थी कि अब लोग मोदी से डरते नहीं हैं। जब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन गए, तो उन्होंने अपने पहले भाषण में ही हिंसा और हत्या सरीखे शब्दों का कई बार इस्तेमाल किया। चप्पल फेंकना भी प्रधानमंत्री की चाक-चौबंद और अति प्रशिक्षित सुरक्षा-व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। पंजाब के फिरोजपुर इलाके में प्रधानमंत्री के काफिले को एक हाईवे पर अटक जाना पड़ा, तो उस स्थान पर पाकिस्तान की तरफ से हमला किया जा सकता था ! इन कथनों और घटनाओं के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने बयान दिया था कि मोदी हिटलर की मौत मरेगा। मोदी की बोटी-बोटी करने का बयान देने वाला शख्स आज लोकसभा में कांग्रेस सांसद है। किसी ने यहां तक बयान दिया कि मोदी के सिर पर डंडे मारने चाहिए। प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है, उसकी एक लंबी सूची है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बनबसा में अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई न होने से मुनस्यारी में आक्रोश

पिथौरागढ़। बनबसा में महिला ग्रामप्रधान का अपमान करने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई न होने से मल्ला जोहार समिति में आक्रोश है। गुरुवार को समिति के सदस्यों ने कहा कि अगर आरोपियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। मल्ला जोहार समिति के अध्यक्ष श्रीराम धर्मशक्तू के नेतृत्व में लोग तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आक्रोश जताते हुए प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। वक्ताओं ने कहा कि कुछ अराजकतत्वों की शर्मनाक हरकत ने देवभूमि को शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधान और उनके प्रतिनिधियों का अपमान किसी भी कीमत में क्षमा योग्य नहीं है। ऐसी हरकत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने घटना के कई दिन बीतने के बाद भी अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने, प्रधान को पुलिस सुरक्षा देने आदि की मांग की है। इस दौरान पुष्पा देवी, जमुना देवी, आनंदी देवी, खीला देवी, जमुना देवी, सुमन देवी, देवकी देवी आदि मौजूद रहे।

## बारिश से 32 ग्रामीण सड़कों पर बाधित रही यातायात व्यवस्था

पिथौरागढ़। जिले में लगातार हो रही बारिश से 32 ग्रामीण सडकें जगह-जगह मलबा आने से बंद हैं। इससे लगभग 50 हजार की आबादी का शेष हिस्सों से संपर्क कट गया है। अधिकतर बंद सड़कें धारचूला , मुनस्यारी विकासखंड की हैं। बंद सड़कों में वाहनों की आवाजाही थमने से ग्रामीण क्षेत्रों में जरुरत के सामान की भी किल्लत होने लगी है। लोग पैदल आवाजाही कर किसी तरह अपने दैनिक कार्य कर रहे हैं। बंगापानी से जाराजिबली, नाचनी से भैंस कोट, बांस बगड़ कोटा पन्द्रह पाला, छिरकिला जम्कू, मुनस्यारी हरकोट, सहित अन्य मार्गों में मलबा आने से सड़क बाधित है।

## नगर पंचायत शक्तिगढ़ की समस्याएं हल कराएं

रुद्रपुर। नगर पंचायत शक्तिगढ़ के वार्डों की समस्याओं को लेकर नगरवासियों ने शुक्रवार को ईओ प्रतिभा कोहली को 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। रमेश राय के नेतृत्व में मिले लोगों ने कहा कि नगर में बंदरों का आतंक है। बंदरों के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने बंदरों को पकड़कर दूरस्थ जंगल में छोड़ने, असहाय पशुओं को पकड़कर सुरक्षित गोशालाओं में छोड़ने की मांग की।इसके अलावा हादसों को रोकने के लिए सड़कों के किनारे पड़ी निर्माण सामग्री हटाने, जलभराव को रोकने के लिए नालों का निर्माण कराने, पथ प्रकाश व्यवस्था कराने, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने, डेंगू जैसी बीमारियों को रोकने के लिए दवा छिड़काव कराने की मांग की। लोगों ने कहा कि जल निगम व जल संस्थान ने सड़कों को खादेकर पाइप लाइनें बिछाई हैं, लेकिन अभी तक क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत नहीं की गई है। जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराई जाए। यहां अजय सरकार, विश्वजीत मनोज सुतार, प्रकाश मण्डल, राकेश दास, दिलीप तालुकदार, सुनील मौजूद रहे।

## राजेश मेहता बने दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक

रुद्रपुर। उधमसिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रधान प्रबंधक ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व प्रधान प्रबंधक अनुराग शर्मा के तबादले के बाद राजेश मेहता ने प्रधान प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जीएम मेहता ने सर्वप्रथम कारखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी प्राथमिकतायें बताते हुये कहा कि सर्वप्रथम वह दूध की बिकी और उपार्जन को बढ़ाने का काम करेगें। दुग्ध मूल्य का समय पर भुगतान करवाएंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## पंद्रह लाख में हुआ कांवड़ बाजार का टेंडर

हरिद्वार। नगर निगम ने कांवड़ बाजार के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि कांवड़ बाजार में बनने वाली 130 दुकानों का टेंडर पंद्रह लाख में हुआ है। जल्द ही कांवड़ बाजार में दुकाने बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। कांवड़ मेले के दौरान नगर निगम चमगादड़ टापू में हर वर्ष अस्थायी कांवड़ बाजार बनाता है। चमगादड़ टापू में बनने वाले कांवड़ बाजार के लिए नगर निगम में गुरुवार को टेंडर डाले और खोले भी गए। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि कांवड़ बाजार में लगने वाली 130 दुकानों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 130 दुकानों के टेंडर से पंद्रह लाख की धनराशि मिलेगी।

## महिला से दुष्कर्म के दोषी हकीम को दस साल की कठोर कैद

हरिद्वार। एफटीएससी/अपर जिला जज चंद्रमणि राय की अदालत ने झाड़-फूंक के बहाने महिला से दुष्कर्म और पति की मौत का भय दिखाने के मामले में हकीम को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने हकीम को दस साल के कठोर कारावास और 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 19 नवम्बर 2020 में कोतवाली रानीपुर क्षेत्र के एक गांव में हकीम पर पीड़ित महिला से झाड़-फूंक के बहाने इलाज के दौरान दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। यही नहीं, आरोपी हकीम ने घटना के बारे में किसी को बताने पर पीड़ित महिला को उसके पति की मृत्यु होने का डर दिखाया था। कई दिनों से डरी-सहमी पीड़ित महिला ने सारी आपबीती अपने पति को बताई थी। इसके बाद पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया था कि पड़ोसी महिला उसे हकीम के पास दवाई दिलाने के लिए ले गई थी। आरोप लगाया था कि हकीम ने दुकान में अंदर ले जाकर नशीला पदार्थ सुंघाकर दुष्कर्म किया था। पीड़िता को होश आने पर अपने साथ दुष्कर्म होने का अंदेशा हो गया था।

## भगवान नर्मदेश्वर का पूजन अभिषेक करने से दूर होते हैं दोष: शास्त्री

हरिद्वार। पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान नर्मदेश्वर का पूजन अभिषेक करने से जन्म पत्रिका के समस्त ग्रह दोष दूर हो जाते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रावण माह में भगवान नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक करने से कल्याण होता है एवं शिवलोक की प्राप्ति होती है। श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनगर कालोनी ज्वालापुर में आयोजित तीन दिवसीय नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना और पूजन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से हर वर्ष श्रावण माह में 31 दिवसीय रुद्राभिषेक अनुष्ठान भक्तों द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष श्रावण माह से पूर्व भगवान नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना का संकल्प भागवत परिवार के भक्तों ने लिया है। इस अवसर पर बीना धवन, सागर धवन, शांति दर्गन, रिंकी भट्ट, संध्या भट्ट, विमला देवी भट्ट, रेखा आर्य, रोजी अरोड़ा, सोनम शर्मा, शिमला उपाध्याय, दीप्ति भारद्वाज, सतवीर राणा, वंदना गुप्ता, मीनू सचदेवा, संजय सचदेवा, सुनीता वशिष्ठ, विनोद देवी, पंडित गणेश कोठारी, पंडित मोहन जोशी आदि ने प्रथम दिवस पूजन संपन्न किया।

## पंक्चर की दुकान लगाने वाले युवक पर हमला

हरिद्वार। पंक्चर की दुकान चलाने वाले एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना शहर कोतवाली से सटी बह्मपुरी की है। बस्ती निवासी हुकम चंद्र की क्षेत्र में पंक्चर लगाने की दुकान है। आरोप है कि बीत 17 जुलाई को वह दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान समीप की झलकारी बस्ती का ही रहने वाला शिवम उनकी दुकान पर पहुंचा और उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर पर चोट लगने से काफी खून बह गया। इसके बाद आरोपी हत्या की धमकी देकर फरार हो गया। आरोप है कि पूर्व में भी शिवम उसके साथ मारपीट कर चुका है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आज

हरिद्वार। कनखल मार्ग स्थित अवधूत मंडल आश्रम में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री ने बताया कि शनिवार सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक चलने वाले इस कैंप में मुख्य अतिथि हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत होंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथियों में हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी रुपेंद्र प्रकाश करेंगे।

## गंदगी फैलाने पर 13 दुकानदारों के चालान काटे

हरिद्वार। नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय के निकट से शिवमूर्ति चौक तक अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। संयुक्त टीम ने इस दौरान 25 अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करते हुए सामान भी जब्त किया। साथ ही गंदगी करने पर 13 दुकानदारों के छह हजार रुपये के चालान भी किए। नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम पिछले कुछ दिनों से अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते मंगलवार को टीम ने ब्रह्मपुरी में मनसा देवी मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बुधवार को टीम ने कनखल के शंकराचार्य चौक से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। गुरुवार को टीम ने शिवमूर्ति चौक से लेकर हरकी पैड़ी तक अतिक्रमण हटाया। शुक्रवार को सफाई निरीक्षक संजय शर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहा। सफाई निरीक्षक ने बताया कि इस दौरान गंदगी फैलाने पर 13 दुकानदारों के चालान भी किए गए।

## शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर नगर निगम में करेगा आंदोलन

हरिद्वार। शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर से जुड़े व्यापारियों ने नगर निगम में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। आरोप है कि नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति चल रही है और मांग के अनुसार नालों की तली झाड़ सफाई मशीनों के साथ नहीं हो रही है। इसक साथ ही संबंधित अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। शुक्रवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री विक्की तनेजा ने जानकारी देते हुए बताया की उपनगरी ज्वालापुर में नालों की सफाई में खानापूर्ति की जा रही है। हाल के दिनों में नालों की सफाई के बाद भी हल्की बारिश में जलभराव की समस्या बन रही है। बारिश का पानी व्यापारियों की दुकानों में पहुंच रहा है। जलभराव के कारण हर साल व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ता है। इस साल भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। नगर निगम के एमएनए वरुण चौधरी और नगर स्वास्थ्य अधिकारी तरुण मिश्रा को कई दफा पत्र लिख कर, व्यक्तिगत रूप से मिल कर और अन्य कई माध्यमों से नालों की मशीनों से तली झाड़ सफाई कराने का आग्रह व्यापारी कर चुके हैं, लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।

# मसूरी व्यापार मंडल ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी 20 जुलाई : मसूरी व्यापार मंडल द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पिक्चर पैलेस से लन्ढौर बाजार को जाने वाले मार्ग की शीघ्र मरम्मत की जाय ताकि क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े । मसूरी व्यापार मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा जहां पर उन्होने ज्ञापन देकर मांग की है कि सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात में परेशानी आ रही है और नागरिकों सहित पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

क्षतिग्रस्त मार्ग सुरक्षा की दृष्टि से भी ठीक नहीं । इस मौके पर मसूरी व्यापार मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही यहां पर एक व्यक्ति गिर गया था जिसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया था । उन्होंने कहा कि इस मार्ग के रखरखाव हेतु शीघ्र संस्तुति दी जाय साथ ही वैकल्पिक मार्ग जो घंटाघर हिमालय क्लब और नगर पालिका होते हुए पिक्चर पैलेस जाता है वहां खड़े वाहनों को टाउन हाल कार पार्किंग में पार्क करवाया जाय साथ ही मार्ग के दोनो ओर खड़े वाहनों को वहां से हटाया जाय । उन्होंने कहा कि ज्ञापन में मांग की गई है कि मसूरी में पुलिस की कमी बनी हुई है जिसे पूरा करने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाय ताकि व्यवस्था बनी रहे । इस मौके पर जगजीत कुकरेजा, राजेश शर्मा, अतुल अग्रवाल, शिव अरोड़ा, जोगिन्दर कुकरेजा आदि शामिल थे।

## एसटीएफ ने 78 लाख की स्मैक के साथ दबोचा तस्कर

देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ की एंटीनाकोटिक्स टास्क फोर्स ने 78 लाख रुपए की स्मैक के साथ नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार सुबह जोगीवाला चौकी के बाहर से की गई। मौके पर वीडियोग्राफी और फर्द बनाते हुए उसे गिरफ्तार कर 263 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी के खिलाफ नेहरू कॉलोनी थाने में केस दर्ज कराया गया है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एडीटीएफ टीम ने सोमवार सुबह जोगीवाला चौकी के बाहर बैरियर पर कर्रवाई की। बरेली से आ रही यूपी रोडवेज की बस से शाहिद मलिक उम्र 19वर्ष पुत्र असलम मलिक मूल निवासी अलावलपुर थाना फतेहपुर सहारनपुर, हाल निवासी शकुंतला एनक्लेव थाना पटेलनगर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उससे 263 ग्राम स्मैक मिली। बरामद स्मैक वह बरेली से लेकर आया था। अभियुक्त से पूछताछ में यह भी पता चला कि सहारनपुर से आकर देहरादून में किराए में रहकर अपने एजेंटों के जरिए स्मैक की बिक्री कर रहा था। आरोपी के एजेंटों की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

**अब तक 15 करोड़ का नशा पकड़ा :** एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि उनकी एएनटीएफ टीम ने इस साल 41 नशा तस्करों को गिरप्तार कर उनके कब्जे से 14 करोड़ 15 लाख 40 हजार रूपये मूल्य की स्मैक, 39 लाख 61 हजार रूपये मूल्य की चरस, 10 लाख रूपये मूल्य का गांजा, 15 लाख रूपये मूल्य का डोडा पोस्त, 5 लाख 32 हजार रूपये मूल्य की अफीम और करीब 4.50 लाख रूपये मूल्य की एमडीएम को बरामद करने में सफलता पायी है।

## वार्डों में विकास कार्य शुरू नहीं करवाने के विरोध में किया प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक राजकुमार और अन्य जनप्रतिनिधियों ने वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्य शुरू नहीं पर शुक्रवार को निगम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द काम शुरू करने की मांग उठाई। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि नगर निगम के कई वार्डों में सड़क, नाली, पुश्तों आदि का कार्य शुरू नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि यदि विकास कार्यों को लेकर निगम ने भेदभाव किया तो कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करेगी। बरसात के दौरान बदहाल सड़कों, गड्ढों के कारण राहगीरों,ठीक करवाने, पलटन बाजार में नालियों की सफाई करवाने, वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने, फालतू लाइन, आराघर, बलबीर रोड, मोहनी रोड, राजेश रावत कालोनी, मिशन स्कूल के पास, आर्यनगर, डीएल रोड, चन्दरनगर, चुक्खूवाला, कांवली रोड समेत अन्य इलाकों में सड़कों के गड्ढे भरवाने, बस्तियों का हाउस टैक्स जमा करवाने की मांग उठाई। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि जिन इलाकों में बड़े डस्टबिन हटवाए गए हैं। वहां सड़कों के किनारे, सार्वजनिक जगह कूड़ा डंप हो रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई वाहनों की मॉनीटरिंग से ठीक से हो और निरंतर सफाई वाहनों का संचालन हो। इस दौरान दीप वोहरा, अनूप कपूर, अर्जुन सोनकर, निखिल कुमार, रमेश कुमार, हुकुम सिंह गढ़िया, अमित भंडारी, नरेंद्र बिष्ट, सचिन थापा, मीना बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, सागर लामा, जाहंगीर खान, राजेश पंवार, ओमी यादव, वीरेंद्र चौहान, मोहन सिंह नेगी, दीप चौहान, देवेंद्र कौर, भावना चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धामों के नामों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कानून, तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने किया स्वागत

देहरादून। उत्तराखंड के धामों के नामों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कानून बनाने के कैबिनेट के फैसले का चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने स्वागत किया है। महापंचायत ने इस फैसले के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद देते हुए आभार जताया। सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट में धामों और ट्रस्टों से जुड़े मिलते जुलते नामों का इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ सख्त कानून बनाने का प्रस्ताव पास किया। इस पर चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने सीएम धामी समेत पूरी कैबिनेट का आभार जताया। महापंचायत के महासचिव डा. बृजेश भट्ट ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिल कर महापंचायत ने दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम पर आपत्ति जताई थी। महापंचायत का कहना है कि केदारनाथ धाम के नाम पर दूसरे स्थान पर मंदिर बनाया जाना और श्री केदारनाथ धाम के नाम पर ट्रस्ट का गठन सही नहीं है। इस पर रोक लगनी चाहिए। कहा कि सरकार ने महापंचायत की मांग पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सख्त कानूनी प्रावधान वाला कानून बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया है।

## ग्राफिक एरा में सात देशों के छात्रों को मिलेगी डिग्रियां

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के विदेशी छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह 22 जुलाई को होगा। समारोह में सात देशों के छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जाएगी। दीक्षांत समारोह में हाई कमीशन ऑफ लेसोथो के काउंसलर थबांग लिनस खोलूमो मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में वर्ष 2024 में उत्तीर्ण छात्रों को उपाधि दी जाएगी। उपाधि पाने वालों में लाइबेरिया, साउथ सुडान, जिंबॉब्वे, युगांडा, जांबिया, डी आर कांगो आदि देशों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इन छात्र-छात्राओं ने ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए, एमएससी, बीबीए, बीएससी, बीए जैसे कोर्स किए हैं। समारोह में ग्राफिक एरा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला और एंबेसी ऑफ़ द रिपब्लिक ऑफ़ युगांडा के एजुकेशन ऐटशे बेकर नानतावुना बालूनिवा मौजूद रहेंगे।

## गांधी पार्क के ओपन जिम में उपकरणों की हालत बदहाल

देहरादून। गांधी पार्क में स्थापित ओपन जिम के उपकरणों की स्थिति बदहाल हो चुकी है। जिससे रोजाना यहां कसरत करने के लिए आने वाले लोगों को मायूस होना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम से मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है। चार साल पहले नगर निगम ने तीन करोड़ की लागत से गांधी पार्क में सौंदर्यीकरण कार्य करवाया था। उसी दौरान ओपन जिम भी बनी थी। अब यहां ज्यादातर उपकरणों की स्थिति बदहाल हो चुकी है। किसी के पैडल खराब हैं तो कहीं नट बोल्ट गायब हो चुके हैं। ऐसे में जिम में कसरत करने के लिए आने वाले लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी अमित ने बताया कि समय- समय पर मरम्मत नहीं होने और निगरानी के अभाव में ओपन जिम की स्थिति बदहाल हो चुकी है। अरविंद वर्मा ने बताया कि ओपन जिम के रख रखाव की व्यवस्था निगम प्रशासन को करनी चाहिए। सचिव सीपीआईएम देहरादून अनंत आकाश ने प्रशासक नगर निगम सोनिका और नगर आयुक्त गौरव कुमार से मांग की है कि ओपन जिम में मरम्मत कार्य करवाया जाए। ताकि लोग उपकरणों का बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकें। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि ओपन जिम में मरम्मत कार्य जल्द करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तरकाशी जिले में हरेला पर रोपे पौधे

उत्तरकाशी। हरेला के अवसर पर जिले में संचालित वृहद पौधरोपण अभियान में आम लोगों की उत्साह जनक भागीदारी देखने को मिली है। परिणाम स्वरूप अबतक जिले में दो लाख सत्तर हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं।बता दें कि गत मंगलवार को जिले में वृहद पौधरोपण अभियान शुरू किया गया था। जिसमें अपर यमुना वन प्रभाग के अंतर्गत पोल गांव के हरेला वन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, एसपी अर्पण यदुवंशी और प्रभागीय वनाधिकारी रविन्द्र सिह पुण्डीर ने विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित कर इस अभियान का शुभारंभ किया था इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव व विद्यालय के स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में विभिन्न विभागों के साथ ही ग्राम पंचायतों, वन पचायतों, युवक व महिला मंगल दलो, स्वयं सहायता समूहों और विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के द्वारा बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई जा रही है। जिले में अभियान के दौरान सभी विभागों के द्वारा कुल 308830 पौधे रोपित किये जाने के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष शुरुआती दिन में ही दो लाख से अधिक पौधे रोपित कर लिए गए। जिलेभर में वृहद पौधरोपण अभियान के तहत शुक्रवार को भी बड़े पैमाने पर पौधे रोपित किए गए । प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार अभी तक दो लाख सत्तर हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं।

### छात्रों ने बीज बम बनाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

उत्तरकाशी। बीज बम अभियान के तहत शुक्रवार को यमुना घाटी के राजकीय इंटर कॉलेज नौगांव में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बीज बम तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने मिट्टी, गोबर के छोटे-छोटे गोल बनाएं और उनमें मौसम के अनुसार बीज डालकर छांव वाले स्थानों पर फेंक दिया। शुक्रवार को राइंका नौगांव में बीम बम अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने मिट्टी, गोबर और पानी मिलाकर छोटे-छोटे गोले बनाएं। इनके अंदर मौसम के अनुरूप सब्जी व दालों आदि के कुछ बीज डाल दिए। इस तरह बीज बम तैयार हो गए। फिर इन्हें एमडीएम किचन गार्डन एवं अन्य छांव वाली जगहों में परोस दिया। कुछ दिनों बाद इनमें अंकुर और छोटा पौधा निकल आएगा। बच्चे लगातार इनकी देखभाल और प्रगति का जायज़ा लेते रहेंगे। मौके पर शिक्षक सुरक्षा रावतख विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश रावत, दीवान सिंह, राजेश, फौजदार सिंह, विशंबर प्रसाद, सुरक्षा रावत, दीपिका जैन, अनीता नौटियाल, कुसुम रावत, आकांशा, अश्वनी पंवार, देवी सिंह, कुलभूषण गौड़, छात्र- छात्राओं में अजय, अंशुल, प्रियांशु, सत्यम, जय किशन, सोबिन, कनिका, मानसी, अंशिका, अनीशा, श्वेता, स्मृति, नव्या, साक्षी, प्रियांशी, रिया, सिमरन, आरुषि आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर कूड़ा डालने पर होगी सख्त कार्रवाई

कोटद्वार। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने सड़क पर कूड़ा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि लोग खुले में सड़कों पर अपशिष्ट पदार्थों को नहीं फेंके। खुले में अपशिष्ट पदार्थों को फेंकने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। फिर भी कुछ लोगों द्वारा कूड़ा डोर-टू-डोर वाहन में न डालकर खुले में फेंका जा रहा है। बताया कि निगम की ओर से कूड़ा वाहन चालकों को सड़कों पर कूड़ा डालने वालों की सूची बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की धारा- 2016 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### भगवंत ग्लोबल विवि में पौधरोपण किया

कोटद्वार। भाबर के झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति प्रो. पीएस राणा द्वारा आंवले का पौधा रोपकर किया गया। उन्होंने कहा कि आज बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण प्रकृति का संरक्षण किये जाने की नितांत आवश्यकता है, जो पौधरोपण से ही संभव है। हमें एक-एक पेड़ लगाकर प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर जामुन, आंवला, अमलतास, बेल, गुलमोहर व अशोक आदि छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी के प्राचार्य डॉ के. सर्वानन, सहायक कुलसचिव अरुण कुमार व कार्यक्रम प्रभारी हर्षित शर्मा सहित अन्य छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले व्यापार संघ के प्रतिनिधि

कोटद्वार। कोटद्वार व्यापार संघ गुरुवार देर शाम को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोकने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि व्यापारी लंबे समय से अतिक्रमण रोकने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जिलाधिकारी को इस संबंध में निर्देशित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में पूर्व राज्य मंत्री उमेश त्रिपाठी, व्यापार संघ अध्यक्ष प्रवीन भाटिया और महामंत्री नवीन गोयल शामिल थे।

### विद्युत बिलों में एडिशनल चार्ज लगाने पर रोष व्यक्त किया

कोटद्वार। ऊजा निगम की ओर से बिजली के बिलों में एडिशनल चार्ज लगाने का शुक्रवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने विरोध किया है। कहा कि इन चार्जेज के कारण आम जन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इस संबंध में परिषद की ओर से शुक्रवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में बिजली बिलों में विभाग की ओर से मनमाने चार्ज लगाए जा रहे हैं। कभी फ्यूल चार्जेज तो कभी फिक्स चार्ज सहित अन्य चार्जों में वृद्धि की जा रही है। साथ ही उपभोक्ताओं से बिजली मीटर की सिक्योरिटी राशि भी दुबारा ली जा रही है। इस कारण कई उपभोक्ताओं के बिल दुगने हो गये हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से विभागीय अधिकारियों को इन चार्जों पर रोक लगाने के लिए निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, बलवान सिंह, श्रीकांत नौगांई और हसवंत सिंह आदि थे।

### कर्मचारियों को जल्द मिले पुरानी एसीपी का लाभ

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कर्मचारियों को पुरानी एसीपी का लाभ सुनिश्चित कराने की मांग की। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन से मुलाकात कर पदोन्नति में शिथिलता का लाभ आगे भी दिए जाने को समय बढ़ाने पर जोर दिया। परिषद अध्यक्ष अरुण पांडे ने एसीएस कार्मिक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पुरानी एसीपी के तहत कर्मचारियों को पुरानी एसीपी के तहत 10, 16, 26 वर्ष की सेवा पर पदोन्नत ग्रेड वेतन का लाभ दिया जाए। पदोन्नति में शिथिलीकरण के समय को बढ़ाया जाए। जो 30 जून को समाप्त हो चुका है। वेतन विसंगति की रिपोर्ट पर तत्काल कर्मचारियों को वार्ता को बुलाया जाए।